रविवार, 29 दिसम्बर 2024

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 15 |
| आर्द्रता | 48% |
| सूर्योदय: 6:17 | सूर्यास्त: 17:01 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा



नितीश रेड्डी के नाबाद शतक और सुंदर के अर्धशतक ने मैच में कराई भारत की वापसी –पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : जीवन में हर कार्य को अपना कर्तव्य समझकर करें न कि बोझ समझकर।

# पंचतत्व में विलीन हुए मनमोहन सिंह

## देश ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई



**नयी दिल्ली :** आर्थिक सुधारों के जनक और राजनीति में सादगी तथा सौम्यता के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका यहां निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सिंह की बेटी ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और कई अन्य हस्तियों ने सिंह को अंतिम विदाई दी। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और मॉरीशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफुल ने शनिवार को यहां निगमबोध घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सिंह की अंत्येष्टि के समय उनकी पत्नी गुरशरण कौर, तीनों पुत्रियां और कई रिश्तेदार मौजूद थे। पूर्व प्रधानमंत्री का सिख धर्म के अनुष्ठानों के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले, कांग्रेस मुख्यालय से निगमबोध घाट तक उनकी अंतिम यात्रा निकली। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता ''जब तक सूरज चांद रहेगा, मनमोहन आपका नाम रहेगा'' और ''मनमोहन सिंह अमर रहें'' जैसे नारे लगाते रहे। सिंह का पार्थिव शरीर जिस वाहन में रखा गया, उसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, सिंह के परिवार के कुछ सदस्य और कांग्रेस के कुछ नेता भी बैठे थे। अंतिम यात्रा से पहले सिंह का पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय '24 अकबर रोड' में रखा गया था जहां सोनिया गांधी, खरगे, राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व प्रधानमंत्री का पार्थिव शरीर उनके आवास से सुबह करीब नौ बजे कांग्रेस मुख्यालय लाया गया, जहां पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उनके अंतिम दर्शन के लिए पहले से ही इंतजार कर रहे थे। सिंह का पार्थिव शरीर रखे जाने के बाद सोनिया गांधी, खरगे, राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा तथा पार्टी के कई अन्य नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व प्रधानमंत्री सिंह की पत्नी गुरशरण कौर और उनके परिवार के कुछ अन्य सदस्य भी कांग्रेस मुख्यालय में मौजूद थे। गुरशरण कौर ने भी पुष्प अर्पित करके अपने पति को अंतिम विदाई दी। राहुल गांधी मनमोहन सिंह के परिवार को ढांढस बंधाते हुए उनके साथ पार्टी मुख्यालय के भीतर दाखिल हुए। पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहले से ही कतारबद्ध थे और उन्होंने भारतीय राजनीति के इस सौम्य नेता को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान गाकर उन्हें विदाई दी। कांग्रेस ने निगमबोध घाट पर अंत्येष्टि के सरकार के फैसले पर सवाल खड़े करते हुए शुक्रवार को कहा था कि सिंह का अंतिम संस्कार ऐसे स्थान पर होना चाहिए जहां उनका स्मारक भी बन सके। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया था कि सिंह की अंत्येष्टि और स्मारक के लिए स्थान नहीं ढूंढ़ पाना भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री का जानबूझकर किया गया अपमान है। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार रात कहा था कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए स्थान आवंटित करेगी।

### मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर सरकार ने उनका अपमान किया: राहुल

नयी दिल्ली : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर वर्तमान सरकार द्वारा उनका (सिंह का) सरासर अपमान किया गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''भारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार आज निगमबोध घाट पर करवाकर वर्तमान सरकार द्वारा उनका सरासर अपमान किया गया है।

### अमेरिका–भारत संबंधों को मजबूत करने में मनमोहन सिंह ने अहम भूमिका निभाई: राष्ट्रपति बाइडन

**सैन फ्रांसिस्को :** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें ''एक सच्चा राजनेता'' कहा और भारत एवं अमेरिका के बीच द्विपक्षीय सहयोग के ''अभूतपूर्व स्तर का श्रेय'' उनकी रणनीतिक समझ और राजनीतिक साहस को दिया। बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया। बाइडन ने एक बयान में कहा, ''अमेरिका और भारत के बीच सहयोग का आज जो अभूतपूर्व स्तर है, वह (पूर्व) प्रधानमंत्री की रणनीतिक समझ और राजनीतिक साहस के बिना संभव नहीं हो पाता।'' उन्होंने कहा, ''अमेरिका–भारत असैन्य परमाणु समझौता करने से लेकर हिंद प्रशांत क्षेत्र के सहयोगियों के बीच 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) की शुरुआत में मदद करने तक, उन्होंने पथ–प्रदर्शक प्रगति की रूपरेखा तैयार की जो भावी पीढ़ियों के लिए हमारे राष्ट्रों और विश्व को मजबूत बनाती रहेगी। वह एक सच्चे राज–नेता, एक समर्पित लोक सेवक थे और सबसे बढ़कर, वह एक दयालु और विनम्र व्यक्ति थे।''

### मॉरीशस ने मनमोहन सिंह के सम्मान में ध्वज आधा झुकाने की घोषणा की

**नयी दिल्ली :** मॉरीशस ने घोषणा की है कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सम्मान में शनिवार को सूर्यास्त तक सभी सरकारी कार्यालयों और संस्थानों में उसका राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम के कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में निजी क्षेत्र से भी झंडे को आधा झुका कर फहराने का आग्रह किया। मॉरीशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफुल ने दिल्ली आकर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। मॉरीशस के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, ''भारत गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद, जनता को सूचित किया जाता है कि उनके अंतिम संस्कार के दिन, आज शनिवार को सूर्यास्त तक सभी सरकारी भवनों पर मॉरीशस का ध्वज आधा झुका रहेगा।'' विज्ञप्ति में कहा गया है, ''निजी क्षेत्र से भी अपील की जाती है कि सभी ध्वज आधे झुके रहें।''

## बिना सीएम कार्यालय की इजाजत, राज्य के मंत्री किसी कार्यक्रम में नहीं हो सकेंगे शामिल



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के मंत्रियों को सख्त निर्देश दिया है कि वे किसी भी कार्यक्रम में जाने से पहले इसकी जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय को दें। यह निर्देश हाल ही में एक मंत्री द्वारा एक विवादास्पद कार्यक्रम में भाग लेने के बाद दिया गया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि 2025 की शुरुआत से इस नियम का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा। सूत्रों के अनुसार, हाल ही में एक मंत्री ने एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया था, जहां उन्हें मंच पर एक ऐसे व्यक्ति ने सम्मानित किया, जो कई वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में आरोपी है। इस घटना के कारण पार्टी के अंदर सवाल उठने लगे और मुख्यमंत्री तक मामला पहुंचा। इसके बाद, ममता बनर्जी ने सभी मंत्रियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यक्रम में भाग लेने से पहले इसकी जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय को देना आवश्यक होगा। 2026 में, पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नहीं चाहतीं कि चुनाव से पहले राज्य सरकार का कोई मंत्री या विधायक किसी भी तरह के विवाद में फंसे। इसीलिए उन्होंने प्रशासन और पार्टी को सख्ती से नियंत्रित करने का निर्णय लिया है।

## सरकार ने मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित की : नड्डा

### कांग्रेस 'घटिया राजनीति' कर रही

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित की थी और उनके परिवार को इसकी जानकारी भी दी थी। उन्होंने कांग्रेस पर मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार को लेकर 'घटिया राजनीति' करने का आरोप लगाया। नड्डा की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है, जब कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर देश के पहले सिख प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए कोई यथोचित स्थान नहीं देने का आरोप लगाया है, जहां बाद में उनका स्मारक बनाया जा सकता था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार ने मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर 'भारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री' का सरासर अपमान किया है। नड्डा ने कांग्रेस के आरोप पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पूर्व प्रधानमंत्री के दुखद निधन पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं।''

## पुतिन ने अजरबैजान के नेता से अजरबैजानी विमान हादसे की 'त्रासदपूर्ण घटना' के लिए माफी मांगी

**मॉस्को :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कजाकिस्तान में एक अजरबैजानी विमान हादसे की ''त्रासदपूर्ण घटना'' के लिए शनिवार को अजरबैजान के राष्ट्रपति से माफी मांगी। इस दुर्घटना में 38 लोगों की मौत हो गई थी। विमान ने बुधवार को अजरबैजान की राजधानी बाकू से चेचन्या की राजधानी ग्रोजनी के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद इसका मार्ग परिवर्तित कर दिया गया और कजाकिस्तान में उतरने का प्रयास करते हुए विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में 38 लोगों की मौत हो गई और 29 लोग घायल हो गए। पुतिन की यह माफी ऐसे समय में आई है जब यह आरोप लगाया जा रहा है कि विमान यूक्रेनी ड्रोन हमले को विफल करने के प्रयास में रूसी वायु रक्षा प्रणाली द्वारा की गई गोलीबारी की चपेट में आ गया। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' ने कहा कि बुधवार को यूक्रेनी ड्रोन हमले के कारण ग्रोजनी के निकट वायु रक्षा प्रणालियों ने गोलीबारी की। हालांकि यह कहने से परहेज किया कि विमान रूसी वायु रक्षा प्रणाली की गोलीबारी का निशाना बना।

## दिल्ली में तेज ठंड,101 साल में दिसंबर में एक दिन में सबसे अधिक बारिश

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को दिनभर बादल छाए रहे और ठंड रही, साथ ही 101 वर्षों में दिसंबर में एक दिन में सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक के पिछले 24 घंटों में 41.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिसके कारण दिनभर तापमान सामान्य से कम रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में तीन दिसंबर 1923 को एक ही दिन में सबसे अधिक बारिश हुई थी, जो 75.7 मिमी थी। मौसम विभाग के अधिकारी के अनुसार 1901 में आंकड़े दर्ज किये जाने के बाद से दिसंबर 2024 माह वार बारिश के मामले में अब तक का पांचवा सर्वाधिक वर्षा वाला माह रहा।

## बिहार सरकार ने 62 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया

**पटना :** बिहार सरकार ने पुलिस विभाग में बड़े फेरबदल के तहत शनिवार को तीन अतिरिक्त महानिदेशकों (एडीजी) सहित भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 62 अधिकारियों का तबादला किया। गृह विभाग द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजीव मिश्रा, जिन्हें पहले डीआईजी रैंक में पदोन्नत किया गया था, अब आतंकवाद निरोधी दस्ते के डीआईजी का पदभार संभालेंगे। मिश्रा की जगह अवकाश कुमार लेंगे, जो फिलहाल सीआईडी के पुलिस अधीक्षक हैं। एडीजी (मुख्यालय) कुंदन कृष्णन को विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एसटीएफ के एडीजी (ऑपरेशन) अमृत राज को नया एडीजी (सुरक्षा) नियुक्त किया गया था।

पुलिस महानिरीक्षक (पूर्णिया रेंज) राकेश राठी को साइबर अपराध में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) का आईजी नियुक्त किया गया है। आईजी (मिथिला रेंज) राकेश कुमार को बिहार मानवाधिकार आयोग में स्थानांतरित किया गया है। आईजी (अपराध जांच इकाई) पी. कन्नन को आईजी (रेलवे) नियुक्त किया गया है। कैमूर के पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा को वैशाली जिले का एसपी बनाया गया है। अररिया के एसपी अमित रंजन को सीतामढ़ी स्थानांतरित किया गया है।

## 2022–23 में पीएम केयर्स फंड में योगदान घटकर 912 करोड़ रुपये रह गया

**नयी दिल्ली :** वित्त वर्ष 2022–23 में पीएम केयर्स फंड में कुल स्वैच्छिक योगदान घटकर 912 करोड़ रुपये रह गया। कोविड–19 महामारी के बाद मार्च 2020 में बनाये गए इस सार्वजनिक परोकारी ट्रस्ट के गठन के बाद से यह सबसे कम राशि है। प्रधानमंत्री नागरिक सहायता और आपातकालीन स्थितियों में राहत (पीएम केयर्स) फंड की वेबसाइट पर दिए गए लेखा परीक्षा विवरणों से पता चलता है कि स्वैच्छिक योगदान 2020–21 में 7,184 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद 2021–22 में यह घटकर 1,938 करोड़ रुपये रह गया। कोविड का खतरा कम होने पर 2022–23 में इसमें और गिरावट आई। वित्त वर्ष 2022–23 अंतिम वर्ष है, जिसके लिए विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## महाराष्ट्र एटीएस ने अवैध रूप से रहने के आरोप में 16 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया



**मुंबई/जालना :** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने भारत में अवैध रूप से घुसने और वैध दस्तावेजों के बिना रहने के आरोप में छह महिलाओं सहित 16 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि एटीएस द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान के दौरान इन लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने कहा, ''नवी मुंबई, ठाणे और सोलापुर में पुलिस की मदद से पिछले 24 घंटे में कार्रवाई की गई। हमने सात पुरुषों और छह महिलाओं को गिरफ्तार किया है।'' उनके खिलाफ विदेशी अधिनियम और अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत तीन मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा, ''इन बांग्लादेशी नागरिकों ने फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके किसी तरह आधार कार्ड जैसे भारतीय दस्तावेज हासिल कर लिए थे।'' एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि एटीएस और पुलिस के संयुक्त दस्ते ने शुक्रवार रात जालना जिले से तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। आरोपी भोकरदन तालुका में क्रशर मशीनों पर काम कर रहे थे। एटीएस और स्थानीय पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान उन्हें अनवा और कुंभारी गांवों से गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि तीनों ने फर्जी पहचान पत्र बनवाए थे ताकि वे भारत में अवैध रूप से काम कर सकें। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वे पिछले दो साल से अवैध रूप से रह रहे थे। भारतीय न्याय संहिता और विदेशी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## कश्मीर में भारी बर्फबारी से हवाई, रेल, सड़क यातायात बाधित

### उत्तर भारत में बारिश और ठंड का प्रकोप



**नयी दिल्ली :** कश्मीर में शनिवार को मौसम की सबसे भारी बर्फबारी के कारण हवाई, रेल और सड़क यातायात प्रभावित हुआ तथा बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित रहीं, जबकि उत्तराखंड में बर्फबारी और रुक–रुक कर हो रही बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई। पश्चिमी विक्षोभ और अन्य मौसमी घटनाओं के कारण मध्य प्रदेश में रात भर बारिश हुई। पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में लगातार दूसरे दिन भी बारिश हुई, जबकि राजस्थान में कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। राष्ट्रीय राजधानी में सुबह 8:30 बजे समाप्त हुए 24 घंटों में 41.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वी हवाओं के साथ इसके संपर्क के कारण दिल्ली–एनसीआर सहित उत्तर–पश्चिम और मध्य भारत में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ रहे हैं। जम्मू कश्मीर में तेज ठंड और बर्फबारी का दौर जारी है।






## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 29 दिसम्बर, रविवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, पौष कृष्णपक्ष चतुर्दशी, 28:00 तक, नक्षत्र : ज्येष्ठा, 23:11 तक, योग : गांदा, 21:33 तक, सूर्योदय: 6:17, सूर्यास्त: 17:01 चन्द्रोदय : 04:44, चन्द्रास्त: 15:26, शक सम्वतः 1945 सुभाकृत्, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 15:38 से 16:57

## साप्ताहिक : राशिफल
## 29-12-24 से 04-01-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :**
इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय चुनौतिपूर्ण रहेगा। जातक के कार्यों में थोड़ी परेशानियाँ एवं चुनौतियाँ खड़ी हो सकती है। जिसके कारण जातक थोड़ा दबाव महसूस कर सकता है। लग्नेश की स्थिति कमजोर होने के कारण और शनि की नीच दृष्टि के कारण चुनौतियाँ बनी रह सकती है जिसके कारण जातक के कार्यों चुनौतियाँ एवं बाधाये आ सकती है। न्यायालय के मामले में भी जातक थोड़ा तनाव महसूस कर सकता है। इस सप्ताह जातक थोड़ा स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखे, नही तो परेशानियाँ जातक को तनाव दे सकती है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :**
इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय मिला-जुला रहेगा। घरेलू सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। अच्छे मकान एवं वाहन का सुख जातक को मिल सकता है। घूमने-फिरने का अवसर जातक को मिल सकता है। इस सप्ताह बुद्धिमान एवं चालक लोगों से दूरी बनाये रखे नही तो वे जातक को किसी बड़ी परेशानी में उलझा सकते है। लेन-देन के मामलों में भी सावधानी बनाये रखे। किसी को भी उदार पैसा देने से बचे।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय चुनौतिपूर्ण रहेगा। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी सक्रिय हो सकते है जो जातक के लिए चुनौतियाँ खड़ी कर सकते है। इस बीच स्वास्थ्य पर भी घ्यान बनाये रखे थोड़ी सी लारवाही स्वास्थ्य संबंधित परेशानियाँ जातक को तनाव दे सकती है। राजनीति एवं समाज सेवा में लगे जातकों के लिए भी समय थोड़ा अनुकूल रहेगा। जातक की ख्याति में वृद्धि हो सकती है। किसी पर अधिक विश्वास करने पर जातक को धोखा मिल सकती है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :**
इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय थोड़ा चुनौतिपूर्ण रहेगा। जातक के कार्यों में परेशानियाँ आ सकती है। स्वास्थ्य़ थोड़ा प्रभावित हो सकता है। आलस्य एवं शीथिलता के कारण जातक के कई महत्व-पूर्ण कार्य प्रभावित हो सकते है। खिलाड़ियों के लिए भी समय थोड़ा चुनौतिपूर्ण है। जातक को कोई सफलता न मिलने के कारण जातक दबाव महसूस कर सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह अनुकूल नही है इसलिए सोच-समझर ही पूंजी निवेष करे यदि चुनौतियाँ अधिक महसूस हो तो मंगलवार को लाल वस्तुओं का दान करे।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। भाग्य जातक का साथ दे सकता है। जातक का महत्व बढ़ सकता है। राजनीति एवं समाज सेवा में लगे जातको के लिए समय अनुकूल है। जातक की लोक-प्रियता में वृद्धि हो सकती है। कार्य की अधिकता के कारण जातक थोड़ा चुनौतियाँ महसूस कर सकता है। छात्रों के लिए भी समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा अधिक परिश्रम के बाद ही सफलता का योग बन सकता है। व्यवसायिक दृष्टि सप्ताह अनुकूल है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा। जातक अपनी कार्य-योजनाओ से स्थितियों को अनुकूल बनाने एवं पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। इस सप्ताह विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी थोड़ा सक्रिय हो सकते है लेकिन ईस्ट मित्रों से सहयोग से जातक चुनौतियों को कम करने में सफल हो सकता है। ईस्ट मित्रों का सहयोग जातक को मिल सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से सप्ताह मिला-जुला रहेगा इसलिए सोच-समझकर ही पूंजी-निवेष करे यदि चुनौतियाँ अधिक महसूस हो तो अपाहिजों को काली वस्तुओं का दान करने से राहत मिल सकती है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। घरेलू सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। अच्छे मकान एवं वाहन का सुख जातक को मिल सकता है। देश-विदेश की यात्रा का योग बन सकता है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आ सकता आ सकती है। एक-दूसरे का विश्वास जीतने में जातक को सफलता मिल सकती है। व्यवसायिक दृष्टि सप्ताह अनुकूल है। बाजार एवं शेयर मार्केट में पूंजी निवेष करने पर बड़े लाभ की स्थितियाँ बन सकती है। किसी देवी की पूजा करने से स्थितियाँ अधिक अनुकूल हो सकती है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतिपूर्ण रहेगा। जातक के कार्य में बाधाये आ सकीत है। कई महत्वपूर्ण कार्यों का समय पर पूरा न होने के कारण जातक दबाव या चुनौतियाँ महसूस कर सकता है। कई कार्य-योजनाओं के बाधित होने से परेशानियाँ बढ़ सकती है। इस सप्ताह अनावश्यक तर्क-वितर्क से बचे नही तो छोटी-छोटी बातों को लेकर चुनौतियाँ बढ़ सकती है। निरंतर सक्रियता से जातक अपनी परेशानियों को कम कर सकता है। इस सप्ताह जातक थोड़ा स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखें।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। सूर्य का इस राशि पर भ्रमण होने के कारण जातक की लोक-प्रियता में वृद्धि हो सकती है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए समय अनुकूल है। प्रमोशन या किसी बड़े पद पर कार्य करने का अवसर जातक को मिल सकता है। राजनीति या समाज सेवा में लगे जातक कोई महत्वपूर्ण पद प्राप्त करने में सफल हो सकते है। आर्थिक दृष्टि से सप्ताह मिला-जुला रहेगा इसलिए सोच-सममझकर ही पूंजी निवेष करे यदि चुनौतियाँ अधिक महसूस हो तो सूर्य को जल देने से राहत मिल सकती है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग अनुकूल बना रहेगा। जातक अपनी कार्य-कुशलता से लोगों को प्रभावित कर सकता है। कई तरह की कार्य-योजनाओं को शुचारू रूप से चलाने में जातक को सफलता मिल सकती है। जातक को घूमने-फिरने एवं देश-विदेश की यात्रा का भी योग बन सकता है। घर में कोई मांगलिक कार्य संपन्न होने का योग बन सकता है। परिवारिक लोगो का विश्वास प्राप्त करने में जातक सफल हो सकता है। ईस्ट मित्रों का सहयोग जातक को मिल सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से सप्ताह अनुकूल है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। शनि अपने घर में विराजमान है। जो अधिक परिश्रम से स्थितियों को अनुकूल बनाने में जातक का सहयोग कर सकते है। भाग-दौड़ की अधिकता हो सकती है लेकिन भाग-दौड़ अनुकूल कार्यों में होने के कारण जातक उत्साहित बना रह सकता है। छात्रों के लिए भी समय अनुकूल रहेगा। पढ़ाई-लिखाई में जातक का मन लग सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से सप्ताह अनुकूल होने के कारण जातक पूंजी निवेष कर सकता है। धर्म-कर्म में भी जातक का मन लग सकता है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा। कई महत्वपूर्ण कार्यों का समय पर पूरा न होने पर जातक थोड़ा चुनौती महसूस कर सकता है। जातक की सक्रियता बनी रह सकती है। जिसके कारण जातक कुछ महत्वपूर्ण कार्यों को अनुकूल बनाने में सफल हो सकता है। इस सप्ताह स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखे थोड़ी सी लापरवाही के कारण स्वास्थ्य संबंधित परेशानियाँ जातक को तनाव दे सकती है इसलिए सावधानी बनाये रखे।

# राजस्थान : भाजपा सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए नौ जिले व तीन संभाग खत्म किए



**जयपुर :** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने पिछली अशोक गहलोत सरकार द्वारा गठित नौ जिलों को खत्म करने का फैसला किया है। इसके साथ ही तीन नए बने संभागों को भी खत्म कर दिया है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शनिवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस ने सरकार के इस फैसले की निंदा करते हुए कहा है कि जरूरत पड़ने पर वह अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। राज्य मंत्रिमंडल ने इसके साथ ही राजस्थान में सीईटी स्कोर की वैधता एक साल से बढ़ाकर तीन साल करने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पटेल ने कहा कि मंत्रिमंडलीय उपसमिति और विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के आधार पर यह फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा प्रस्तुत की गयीं सिफारिशों पर विचार करते हुए नवगठित जिलों में से नौ जिलों अनूपगढ़, दूदू, गंगापुरसिटी, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर ग्रामीण, केकड़ी, नीम का थाना, सांचौर व शाहपुरा तथा नवसृजित संभाग बांसवाड़ा, पाली, सीकर को नहीं रखने का निर्णय मंत्रिमंडल द्वारा किया गया है। इसी तरह विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले घोषित तीन नए जिलों मालपुरा, सुजानगढ़ और कुचामन सिटी को भी निरस्त करने का निर्णय राज्य मंत्रिमंडल ने किया है। पटेल ने बताया कि सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए बालोतरा, डीग, ब्यावर, डीडवाना-कुचामन, कोटपूतली-बहरोड, खैरथल-तिजारा, फलौदी और सलूंबर को जिला बनाए रखने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि गत अशोक गहलोत सरकार ने 17 नए जिले व तीन नए संभाग बनाने की अधिसूचना जारी की थी। इसके साथ ही तीन नए जिलों की घोषणा की थी लेकिन उसकी अधिसूचना जारी नहीं हुई थी।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि आदित्यनाथ ने शाह को प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले महाकुंभ के लिए आमंत्रित किया। सूत्रों ने बताया कि बैठक का विस्तृत ब्योरा फिलहाल नहीं मिल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों नेताओं ने उत्तर प्रदेश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

### पटना प्रशासन ने बीपीएससी अधिकारियों के साथ प्रदर्शनकारियों की बैठक कराने की पेशकश की

**पटना :** पटना जिला प्रशासन ने शनिवार को कहा कि उसने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 13 दिसंबर को हुई परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों की बैठक आयोग के अधिकारियों से कराने का प्रस्ताव रखा है, ताकि वे अपनी शिकायतें रख सकें। बीपीएससी द्वारा आयोजित 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई), 2024 का प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के कारण अभ्यर्थी एक सप्ताह से अधिक समय से परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने शनिवार को कहा कि प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए अपने पांच प्रतिनिधियों को नामित करना होगा, जिसके बाद बीपीएससी (मुलाकात के लिए) ''उचित समय के भीतर'' निर्णय लेगा। सिंह ने शनिवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''जिला प्रशासन ने प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को अपने प्रतिनिधियों (सभी परीक्षार्थी) की सूची देने को कहा है, ताकि हम इस मुद्दे पर बीपीएससी अधिकारियों के साथ उनकी बैठक करवा सकें।''

## बिहार के रोहतास में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**सासाराम (बिहार) :** बिहार के रोहतास जिले में अज्ञात हमलावरों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात 10:35 से 10:45 बजे के बीच टाउन पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत करगहर मोड़ के पास हुई। मृतक की पहचान बादल (32) के रूप में हुई है। रोहतास के पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बताया, ''जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि बादल और दूसरे व्यक्ति को गोली लगी है। दोनों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां बादल की मौत हो गई। घायल व्यक्ति का इलाज जारी है... उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस बीच मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि बादल पुलिस की गोली का शिकार हुआ है और उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कुमार ने कहा, ''मामले की जांच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के दिशानिर्देशों के अनुसार की जा रही है। फोरेंसिक विशेषज्ञों द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए गए हैं और सभी पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। यह जांच पूरी होने के बाद ही पता चलेगा कि घटना का सही कारण क्या है और यह कैसे घटित हुई।'' उन्होंने यह भी बताया कि घटनास्थल से एक 'एयर गन' बरामद की गई है।

## अयोध्या में नववर्ष से पहले लगभग सभी होटल बुक, मंदिर ट्रस्ट ने दर्शन का समय बढ़ाया



**अयोध्या (उप्र) :** नए साल के आगमन के साथ ही भगवान श्री रामलला की जन्मभूमि अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए जिला मुख्यालय के लगभग सभी होटल बुक हो गये हैं। इस बीच, राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर के दर्शन का समय बढ़ा दिया है और अपेक्षित भीड़ को प्रबंधित करने के लिए व्यापक व्यवस्था लागू की है। इस साल 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। अयोध्या जिला मुख्यालय में लगभग सभी होटलों के कमरे बुक हो चुके हैं। अयोध्या में एक स्थानीय होटल के मालिक अंकित मिश्रा ने कहा, हम इस नए साल में श्रद्धालुओं का स्वागत करने को लेकर उत्सुक हैं। हमारे सभी कमरे 15 जनवरी तक के लिए पहले से बुक हो चुके हैं। शनिवार सुबह जब जांच की गयी, तो एक ऑनलाइन बुकिंग प्लेटफॉर्म ने दिखाया कि कुछ होटलों और लॉज में अब भी कमरे उपलब्ध हैं, हालांकि कुछ होटल मांग में वृद्धि के कारण प्रति रात एक कमरे का 10,000 रुपये से अधिक शुल्क ले रहे हैं। इस साल की शुरुआत में हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद से अयोध्या में धार्मिक पर्यटन में वृद्धि देखी गई है, जबकि चैत्र (मार्च-अप्रैल) में हिंदू नववर्ष का पारंपरिक महत्व है। स्थानीय पुजारी रमाकांत तिवारी ने कहा, बड़ी संख्या में भक्त धार्मिक स्थलों पर जाते हैं और एक जनवरी को पूजा-अर्चना करते हैं, ताकि साल की शुरुआत में रामलला का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा सुनिश्चित करने के बारे में अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजकरण नैयर ने कहा, राम मंदिर, हनुमानगढ़ी, लता चौक, गुप्तार घाट, सूरजकुंड और अन्य लोकप्रिय स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

### प्राचीन बावड़ियों का पता लगाने को अतिक्रमण हटाया जाएगा

**संभल (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के संभल के चंदौसी नगर पालिका के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि प्राचीन बावड़ियों का पता लगाने के लिये आसपास का अतिक्रमण हटाया जाएगा। चंदौसी नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि यह खुदाई का आठवां दिन है और कल की तिथि तक हमने सीढ़ियों की खुदाई जारी रखी, लेकिन सड़क परिसर में एक कुआं पाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस पर अतिक्रमण बनाए गए आसपास के भवनों को खाली कराया जाएगा क्योंकि यह एक पुरातत्व अवशेष है और किसी को भी इस पर निर्माण का अधिकार नहीं दिया गया है।

## नीतीश को उनके करीबी सहयोगियों ने 'बंधक' बनाया, सहयोगी फैसले ले रहे: तेजस्वी



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब सामान्य रूप से काम करने में सक्षम नहीं हैं और मुट्ठी भर करीबी सहयोगियों ने उन्हें ''बंधक' बनाकर रखा है। जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) प्रमुख की भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में अचानक वापसी से पहले तक कुमार के उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत रहे तेजस्वी ने संवाददाताओं के सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की। उनसे 70-वर्षीय नेता द्वारा एक और पलटवार की अटकलों के बारे में पूछा गया था। उन्होंने कहा, ''इन सभी अफवाहों में कोई दम नहीं है। नीतीश कुमार अब अपने होश में नहीं हैं। वह बिहार चलाने में असमर्थ हैं।'' राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने दावा किया, ''कुमार खुद निर्णय नहीं ले रहे हैं। उन्हें उनकी पार्टी के चार नेताओं ने बंधक बना लिया है, जिनमें से दो दिल्ली में और शेष यहां के हैं, जो फैसले ले रहे हैं।'' इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक राजद के नेता ने अपनी बात की पुष्टि के लिए हाल ही में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल द्वारा लिखे गए एक पत्र के जवाब का हवाला दिया। केजरीवाल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहेब आंबेडकर के कथित अपमान की पृष्ठभूमि में पत्र में कुमार से भाजपा का समर्थन करने पर 'पुनर्विचार' करने का आग्रह किया था। यादव ने कहा, ''पत्र स्पष्ट रूप से बिहार के मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नीतीश कुमार को संबोधित था, लेकिन प्रतिक्रिया संजय झा की ओर से आई। वह कौन हैं?''

## अमेठी में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव मिला, सिपाही के खिलाफ हत्या का आरोप

**अमेठी (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिला मुख्यालय के अमेठी कोतवाली क्षेत्र में शनिवार दोपहर बाद एक विवाहिता की घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता शव मिला। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मरने वाली महिला के पति ने इस मामले में एक सिपाही के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शनिवार को घटना की पुष्टि की है। अमेठी के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या या आत्महत्या का पता चल सकेगा। सीओ ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। सिपाही पर लगे हत्या के आरोप के बारे में पूछे जाने पर सीओ ने कहा कि जांच के बाद ही कुछ पता चल सकेगा। पुलिस के मुताबिक आवास विकास कालोनी के सामने स्थित एक मकान में आलोक अग्रहरि की पत्नी दिव्य अग्रहरी का आज दोपहर बाद दरवाजे की कुंडी से लटकता हुआ शव मिला। दिव्या के पति आल-ोक कुमार अग्रहरी ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी की लाश जो गेट की कुंडी से लटकी हुई थी, उससे किसी की मौत नहीं हो सकती है, कोई फांसी नहीं लगा सकता है।

### बच्ची का शव झाड़ियों से बरामद, कुत्तों ने शव को नोचा

**फरीदाबाद :** हरियाणा के फरीदाबाद में शनिवार को एक नवजात बच्ची का शव कपड़े में लिपटा झाडियों में पड़ा हुआ मिला। बच्ची को कुत्तों ने नोचा हुआ था, और उस पर एक निजी अस्पताल की स्लिप भी लगी मिली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल में भेज दिया है। फरीदाबाद के थाना एसजीएम नगर में तैनात जांच अधिकारी एवं उप निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि के सी सिनेमा हॉल के पास झाडि़यों में बच्ची का शव पड़ा मिला है।

## संभल की शाही जामा मस्जिद के पास बनने वाली पुलिस चौकी के लिए भूमि पूजन हुआ



**संभल (उप्र) :** संभल थाना क्षेत्र के कोट पूर्वी मोहल्ले में शाही जामा मस्जिद के पास बनने वाली पुलिस चौकी का शनिवार को भूमि पूजन हुआ। प्रशासन ने हाल में संभल हिंसा के मद्देनजर यहां पुलिस चौकी स्थापित करने का निर्णय लिया है। भूमि पूजन कराने वाले पुरोहित शोभित शास्त्री ने बताया कि आज पुलिस चौकी के निर्माण के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास हुआ। शास्त्री ने कहा वास्तु दोष न रहे, इसके लिए भी पूजन किया गया। एएसपी श्रीश चंद्र ने पत्रकारों से कहा कि यह चौकी सुरक्षा की दृष्टि से स्थापित की जा रही है, यहां पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहता है और लोगों की मांग थी, इसलिए पुलिस चौकी स्थापित की गयी है। संभल की जामा मस्जिद में 24 नवंबर को अदालत के आदेश पर सर्वेक्षण के दौरान विरोध कर रहे प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए थे। इस दौरान चार व्यक्तियों की मौत हो गई थी।

## बोरवेल में गिरी बच्ची की मां ने पूछा, 'किसी कलेक्टर की बेटी होती तो क्या होता'



**जयपुर :** राजस्थान के कोटपूतली में बोरवेल में गिरी तीन साल की बच्ची को निकालने का अभियान शनिवार को भी जारी रहने के बीच उसकी मां ने पूछा कि 'अगर वह कलेक्टर मैडम की बेटी होती, तो क्या वह उसे इतने लंबे समय तक वहां रहने देतीं।' धोली ने संवाददाताओं से कहा, मेरी बेटी को कुएं में छह दिन हो गए हैं। वह भूख और प्यास से तड़प रही है। उसे अभी तक बाहर नहीं निकाला गया है। अगर वह कलेक्टर मैडम की बच्ची होती तो क्या वह उसे इतने लंबे समय तक वहां रहने देतीं? कृपया मेरी बेटी को जल्द से जल्द बाहर निकालें। इस बीच बच्ची की मां धोली देवी बचाव दल में शामिल कर्मचारियों से उसकी बेटी को बाहर निकालने की लगातार गुहार कर रही है। उसका एक वीडियो शनिवार को सामने आया, जिसमें वह रोती हुई और हाथ जोड़कर बेटी को बाहर निकालने के लिये गुहार लगा रही हैं। यह वीडियो स्थानीय पुलिस और प्रशासन की मदद से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ और राज्य आपदा मोचन बल एसडीआरएफ की टीमों द्वारा लगातार चलाए जा रहे बचाव अभियान के बीच सामने आया।

### सिक्योरिटी गार्ड पर एमबीबीएस की छात्रा ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया

**गोरखपुर :** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान गोरखपुर में शुक्रवार की रात एमबीबीएस की एक छात्रा द्वारा एक सिक्योरिटी गार्ड पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने से परिसर में तनाव का माहौल व्याप्त हो गया और विद्यार्थियों ने त्वरित कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। रिपोर्ट के मुताबिक, शाम नौ बजे जब एमबीबीएस की छात्रा गेट नंबर चार के पास अपने छात्रावास की ओर जा रही थी, गार्ड सतपाल यादव ने अनुचित टिप्पणी की जिसे नजरअंदाज करते हुए छात्रा आगे बढ़ गई, लेकिन यादव ने जबरदस्ती छात्रा का हाथ पकड़ लिया और उसे झाड़ियों के पीछे खींचकर ले जाने की कोशिश की। छात्रा ने इसका विरोध करते हुए शोर मचाया जिस पर साथी छात्र मौके की तरफ दौड़े और गार्ड को पकड़ लिया।

## वर्ग पहेली नं. 2960

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | ■ | 4 | |
| | ■ | 5 | | ■ | | ■ | 6 | | ■ |
| 7 | | | ■ | 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 |
| | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 | | 21 | |
| ■ | | ■ | 22 | 23 | | | ■ | | ■ |
| 24 | | 25 | ■ | | ■ | 26 | | | 27 |
| | ■ | 28 | | | | | ■ | 29 | |

➲ *बायें से दायें:-* 1) मशहूर; शोहरती, 2) अशक्य, 4) ज़ंजीर, 5) केकड़ा, 6) विश्वासघात, 7) साहस; हिंमत, 8) अपराधमुक्त, 10) साँस की बीमारी, 12) ज़िद, 14) जुड़वाँ, 16) पक्षी की विष्ठा, 18) सुगंध, 19) माँझी, 20) भूतकाल, 22) नापसंद; असह्य, 24) प्रजनन करना, 26) हेकड़ी; सीनाज़ोरी, 28) असंभव, 29) अनुमति; पसंदगी.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) पराजय, 2) सूर्य, 3) डरावना, 4) अत्यधिक, 5) झगड़ा, 9) शोक, 11) धनाढ्य, 13) इठलाना, 15) शर्मसार, 17) तंदुरुस्त, 20) ग्रीवा का पीठ की ओर वाला बाह्य भाग, 21) अचूक *(औषध)*, 23) क्रुद्ध; ज्वरग्रस्त, 24) जम्मू और कश्मीर राज्य की शीतकालीन राजधानी, 25) मातामह, विविध, 27) ताज़गी भरा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लो | क | स | भा | ■ | बा | प | दा | दे | ■ |
| क | ■ | मा | ता | म | ह | ■ | ■ | ना | म |
| क | र | ज | ■ | हा | र | ■ | सो | ■ | द |
| था | ■ | वा | म | न | ■ | न | म | की | न |
| ■ | अं | द | र | ■ | पा | ■ | वा | ■ | गो |
| खे | त | ■ | म्म | ■ | बं | द | र | ■ | पा |
| ■ | र्भा | ■ | त | क | दी | र | ■ | ज | ल |
| शा | व | क | ■ | मी | ■ | गा | ड़ | ना | ■ |
| प | ■ | मी | च | ना | ■ | ह | ■ | ज़ा | दी |

## सुडोकू-पहेली-2920

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | | | | 3 | |
| | | | | 6 | | 4 | | |
| | | | 9 | | | | | |
| 2 | | 6 | | | | | | |
| | | | 8 | | | | 1 | |
| | | | 7 | | | | 9 | |
| | | | | | 8 | 2 | | 5 |
| | | | | 4 | | 6 | | |
| | 1 | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2919 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 7 | 2 | 5 | 9 | 8 | 4 |
| 6 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 2 | 7 | 5 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 5 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 8 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 5 | 6 | 7 |

# नव वर्ष की रात सुरक्षा के लिए शहर भर में 4,500 से अधिक पुलिस कर्मी होंगे तैनात

**✒ नशे में हुड़दंग किया तो हवालात में मनेगा नया साल**



**कोलकाता, समाज्ञा :** नए साल पर जश्न के नाम पर हुड़दंग करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। हुड़दंग करने और शराब पीकर गाड़ी चलाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। किसी भी हालात में कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ पुलिस सख्ती बरतेगी। कोलकाता के पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने पूरे महानगर में चेकिंग अभियान भी तेज करने के निर्देश दिए हैं। नए साल की पूर्व संध्या पर कोलकाता में पार्क स्ट्रीट पर विशेष नजर रहेगी। शनिवार को लालबाजार में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोलकाता के पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने सुरक्षा को लेकर उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्क स्ट्रीट और अन्य प्रमुख स्थानों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों जैसे चिड़ियाघर, जादूघर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या अभद्र व्यवहार के मामलों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शराब पीकर या तेज गति से गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। पुलिस आयुक्त ने कहा कि कानून का पालन करना सभी के लिए अनिवार्य है। 31 दिसंबर और एक जनवरी को कोलकाता के विभिन्न स्थानों पर कुल 4,500 पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा। पार्क स्ट्रीट, जहां सबसे अधिक भीड़ होती है, वहां सादे कपड़ों में पुलिस कर्मी और अपराध शाखा की टीमें सुरक्षा की निगरानी करेंगी। महानगर कोलकाता के 50 से अधिक स्थानों पर विशेष नाका चेकिंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों की मदद के लिए विभिन्न स्थानों पर पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। लालबाजार पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि हर साल देखा जाता है कि लोग मनाही के बाद भी आदत से बाज नहीं आते हैं और कानून को ताक पर रख देते हैं। ऐसे लोगों से बेहद सख्ती से निपटा जाएगा। महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने वालों की तौ खैर नहीं होगी।

## कोलकाता पुलिस ने पासपोर्ट वेरीफिकेशन में गड़बड़ी रोकने के लिए उठाया सख्त कदम

फर्जी पासपोर्ट के मामले में अदालत से फटकार मिलने के बाद कोलकाता पुलिस ने पासपोर्ट वेरिफिकेशन प्रक्रिया में बदलाव करने का फैसला किया है। पुलिस वेरिफिकेशन के दौरान लापरवाही के कई मामले सामने आए हैं। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोलकाता के पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पासपोर्ट वेरिफिकेशन को और सख्त बनाया जाएगा। नई प्रक्रिया को लेकर सभी थानों में निर्देश जारी किए जा रहे हैं। इन निर्देशों में कहा गया है कि पासपोर्ट वेरिफिकेशन बेहद महत्वपूर्ण है। पासपोर्ट जारी करने से पहले थाने के सभी प्रभारी अधिकारियों को नोडल ऑफिसर से चर्चा करनी होगी। वेरिफिकेशन के दौरान दूसरे राज्यों से अपराध और जन्मतिथि से संबंधित सही जानकारी एकत्र करनी होगी। साथ ही, आवेदकों के पते की जांच भी सावधानीपूर्वक करनी होगी। पुलिस वेरिफिकेशन के हर चरण को दस्तावेज में दर्ज करना अनिवार्य होगा, ताकि अदालत में पुलिस को किसी सवाल का सामना न करना पड़े। आवेदक के पते की जांच एसीपी और डीसीपी स्तर के अधिकारी करेंगे। केवल पते की जांच ही नहीं, बल्कि वेरिफिकेशन प्रक्रिया की संपूर्ण समीक्षा भी की जाएगी। वेरिफिकेशन से प्राप्त जानकारी को राष्ट्रीय स्तर के पोर्टल पर भी दर्ज करना होगा।

## मां फ्लाईओवर पर अब 24 घंटे चलेगी बाइक

दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोलकाता पुलिस ने मां फ्लाईओवर पर बाइक और स्कूटी चलाने के समय को सीमित कर दिया था। लेकिन अब प्रशासन ने इस समय सीमा को हटा दिया है। शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब मां फ्लाईओवर पर 24 घंटे बाइक और स्कूटी चलाने की अनुमति होगी। हालांकि, वाहनों की गति पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। गति सीमा का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आयुक्त ने कहा, आईटी सेक्टर के कर्मचारी देर रात घर लौटते हैं, जिनमें से कई लोग दोपहिया वाहन का इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा, कई आपातकालीन परिस्थितियां भी होती हैं, इसलिए 24 घंटे मां फ्लाईओवर से बाइक चलाने की अनुमति दी गई है।

# अभिषेक के नाम पर रंगदारी मामले में कूचबिहार के बीजेपी विधायक को पुलिस ने किया तलब

**✒ अगले 3 दिनों के अंदर थाने में पेश होने का आदेश**



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस अभिषेक के नाम पर हुए तोलाबाजी कांड की जांच में जुटी हुई है। कूचबिहार के बीजेपी विधायक, निखिलरंजन दे को पुलिस ने तलब किया है। शेक्सपियर सरणी थाने की पुलिस ने उन्हें ई-मेल के जरिए तलब किया है और अगले 3दिनों के अंदर थाना में पेश होने का आदेश दिया है। कालना नगर निगम के चेयरमैन आनंद दत्त ने पुलिस में शिकायत की थी कि उन्हें फोन करके बताया गया था कि यह कॉल अभिषेक बनर्जी के ऑफिस से हो रही है। उन्हें यह भी कहा गया कि उनके खिलाफ कई स्थानों से वित्तीय घोटाले के आरोप लगे हैं और किसी भी समय उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इसके साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि अगर वह 5 लाख रुपये देंगे, तो पुलिस की कार्रवाई से बच सकते हैं। यह फोन कॉल हुगली से आई थी, जिसकी लोकेशन ट्रैक करने पर यह जानकारी सामने आई। पुलिस ने फिर चेयरमैन से जवाबी कार्रवाई की योजना बनाई और उन्हें आरोपियों को फंसाने के लिए सहमति दी। चेयरमैन ने उसी मोबाइल नंबर पर फोन कर आरोपियों को 5 लाख रुपये देने की बात कही और उन्हें एमएलए हॉस्टल बुलाया। एमएलए हॉस्टल में बीजेपी विधायक निखिलरंजन दा के कमरे को इमरान शेख नामक एक युवक ने बुक किया था।

## विधानसभा अध्यक्ष ने एमएलए हॉस्टल के अधीक्षक से मांगी रिपोर्ट

अभिषेक बनर्जी के नाम पर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में गुरुवार को एमएलए हॉस्टल से तीन लोगों को गिरफ्तारी के बाद अब इस मामले में विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) बिमान बनर्जी ने हॉस्टल के अधीक्षक से रिपोर्ट मांगी है। इस संबंध में, विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि रिपोर्ट मिलने के बाद यह पुलिस को भेज दी जाएगी। बिमान बनर्जी ने कहा कि उन्हें एमएलए हॉस्टल के आधिकारिक रिकॉर्ड से पता चला है कि यह कमरा एक भाजपा विधायक की सिफारिश पर दिया गया था। जिस व्यक्ति को कमरा आवंटित किया गया था, उसका नाम-आधार कार्ड नंबर सब दर्ज है। अगर कोई गलत इरादे से एमएलए हॉस्टल में प्रवेश करता है, तो हम कानून के मुताबिक कार्रवाई करेंगे। हालांकि, भाजपा विधायक निखिल रंजन दे ने सभी आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि हॉस्टल के कमरे विधायक के लेटरहेड पर बुक किया जाता है। मैंने कभी किसी को इस तरह का कोई लेटरहेड नहीं दिया। उन्होंने कहा कि हॉस्टल के अधीक्षक ही बता सकते हैं कि हॉस्टल का कमरा कैसे बुक किया गया है। यह मेरे खिलाफ साजिश है।

## गंगासागर मेला : परिवहन के सभी साधन अब जीपीएस तकनीक से होंगे नियंत्रित

**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगासागर मेले के लिए परिवहन व्यवस्था को सुचारू रखने के उद्देश्य से दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन ने कई फैसले लिए हैं। इसके तहत परिवहन के सभी साधन अब जीपीएस तकनीक से नियंत्रित होंगे। इससे गंगासागर मेले के लिए यात्रा करने वाले सभी परिवहन साधनों की विस्तृत लोकेशन अब पता चल सकेगी। इसरो की मदद से सैटेलाइट और जीपीएस ट्रैकिंग की व्यवस्था की जा रही है। बता दें कि गंगासागर मेला नए साल की आठ जनवरी से शुरू होगा। दरअसल, जिले के काकद्वीप में मुड़ीगंगा नदी सागर मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का सबब बन गई है। नदी में निरंतर गाद के कारण कम ज्वार के दौरान जहाज सेवा को दिन में पांच से छह घंटे के लिए निलंबित करना पड़ता है। नतीजा यह होता है कि मेले के दौरान लाखों श्रद्धालु काकद्वीप के लाट नंबर आठ और सागर के कचुबेरिया में फंसे रहते हैं। अब उस समस्या को खत्म करने के लिए मुड़ीगंगा नदी में गाद कटाई का काम नियमित रूप से चल रहा है। मेले में जहाजों के अलावा यात्री परिवहन के लिए आठ बड़े बोटों का संचालन किया जाएगा। हर बार 2500 लोगों को ले जाया जा सकेगा। कोहरे के दौरान यदि जहाज रास्ता भटक जाते हैं तो त्वरित ट्रैकिंग के लिए अब जीपीआरएस लगाया जा रहा है। मेले का मेगा कंट्रोल रूम सीधे इस जीपीआरएस से जुड़ा होगा। साथ ही कोहरे के लिए आधुनिक डायरेक्शन लाइटें भी लगाई जाएंगी। राज्य सरकार किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए अधिक सक्रिय है।

## धमकी के बाद शुभेंदु अधिकारी की सुरक्षा बढ़ी, केंद्र और राज्य सरकार ने मिलाया हाथ

कोलकाता, समाज्ञा : विपक्षी दल के नेता शुभेंदु अधिकारी की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के खिलाफ मुखर होकर विरोध करने के कारण कट्टरपंथी ताकतों ने शुभेंदु की हत्या की साजिश रची है। इस सूचना के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उनकी सुरक्षा के इंतजाम को पुनर्गठित करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुभेंदु अधिकारी पर संभावित हमले की जानकारी उनके कार्यालय और राज्य सरकार के गृह विभाग को भेजी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, जिनके पास राज्य के पुलिस और गृह विभाग का प्रभार है, को भी इस विषय में जानकारी दी गई है। इसके बाद, केंद्र और राज्य सरकार मिलकर शुभेंदु की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कदम उठा रहे हैं। शुभेंदु वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई 'जेड प्लस' सुरक्षा श्रेणी में आते हैं। लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में उनकी सुरक्षा में बदलाव किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत उनके काफिले में सशस्त्र बलों के 22 जवान तैनात किए जाएंगे। उनके लिए बुलेटप्रूफ वाहन का भी प्रबंध किया जा सकता है, खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों में उनके कार्यक्रमों के दौरान। अब से शुभेंदु जहां भी कार्यक्रम में जाएंगे, वहां की स्थानीय जानकारी केंद्र सरकार राज्य प्रशासन से लेगी।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: डब्ल्यू_2_623_12_07_ 2024-25, दिनांक 27.12.2024;** प्रधान मुख्य अभियंता, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, 17, एन.एस. रोड, कोलकाता-700001 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए प्रतिष्ठित एवं पात्र ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** एनकेजी बिल्डिंग, पूर्व रेलवे में आग की रोकथाम के लिए बुनियादी सुविधा का सुधार। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 57,18,391.16। **बयाना राशि:** रु. 1,14,400। **समापन अवधि:** 08 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 17.01.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदा दस्तावेज का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(MISC-290/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# लाभार्थियों के बैंक खातों में आवास योजना की पहली किस्त पहुंचते ही तीन हेल्पलाइन शुरू

**✒ आवास संबंधी समस्याओं के लिए हेल्पलाइन नंबर- 91370 91370**

**✒ पंचायत कार्यालय का हेल्पलाइन नंबर- 1800 889 9451**

**कोलकाता, समाज्ञा :** लाभार्थियों के बैंक खातों में आवास योजना की पहली किस्त पहुंचते ही राज्य सचिवालय नबान्न ने तीन हेल्पलाइन नंबर को सक्रिय कर दिया है। ममता बनर्जी सरकार ने राज्य के खजाने से 12 लाख लाभार्थियों को आवास योजना की पहली किस्त के 60,000 रुपये भेजे हैं। सरकारी विज्ञापन के मुताबिक, आवास योजना के लाभार्थियों को अगर कोई समस्या है तो वे उन तीन नंबरों पर संपर्क कर अपनी समस्या बता सकते हैं। पंचायत कार्यालय का हेल्पलाइन नंबर-1800 889 9451 है। इसके अलावा आवास संबंधी समस्याओं के लिए सीधे मुख्यमंत्री के हेल्पलाइन नंबर 91370 91370 पर भी सूचना दी जा सकती है। राज्य सचिवालय ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 को भी सक्रिय कर दिया है। सर्वे के बाद जिन लोगों को आवास योजना के तहत आवास राशि देने पर विचार किया गया है, उन्हें इस आशय का संदेश उनके मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से प्राप्त हुआ है। सरकार के मुताबिक, जिन लोगों को एसएमएस मिला है लेकिन पहली किस्त नहीं मिली है या पैसे मिलने के बाद किसी अन्य समस्या का सामना कर रहे हैं, तो वे हेल्पलाइन नंबर पर मामले की जानकारी दे सकते हैं। राज्य सरकार अगले साल दिसंबर में 16 लाख और लोगों को आवास योजना की सौगात देगी। राज्य सरकार एक विशिष्ट लक्ष्य के साथ आवास योजना पर 14,773 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इस हेल्पलाइन को शुरू करने का विचार यह सुनिश्चित करना है कि किसी अवांछित कारण से वह लक्ष्य बाधित न हो।

# टीएमसी की मदद से बंगाल को मुस्लिम राज्य बनाना चाहते हैं आतंकी : सुकांत मजूमदार

**केंद्रीय मंत्री का आरोप... 'बंगाल सरकार सीमा पर बाड़ लगाने के लिए नहीं दे रही जमीन'**



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल से हाल में कश्मीरी व बांग्लादेशी आतंकियों की गिरफ्तारी पर मचे घमासान के बीच राज्य में विपक्षी भाजपा ने सत्तारूढ़ टीएमसी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आतंकवादियों की मदद करने का आरोप लगाया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने शनिवार को कहा कि जो भी आतंकी पकड़ा जा रहा है, उसका संबंध सत्तारूढ़ टीएमसी के किसी न किसी से होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि आतंकी बंगाल को मुस्लिम बहुल राज्य में बदल देना चाहते हैं और टीएमसी उनकी मदद करने में लगी हुई है। इसलिए भाजपा नेता उनकी हिटलिस्ट में हैं और टीएमसी लीडर नहीं। उन्होंने कहा कि बंगाल में सत्तारूढ़ दल के नेताओं के बयान से वे भारत के नहीं बल्कि किसी दुश्मन देश के नेता लगते हैं। हमें देश को कट्टरपंथी इस्लामी शक्तियों से बचाने की जरूरत है। बंगाली हिंदुओं को यह बात समझनी होगी। सुकांत ने कहा कि बांग्लादेशियों के लिए जाली आधार कार्ड और भारतीय वोटर कार्ड आदि बनवाने की यहां मशीनरी चलाई जा रही है। कोई नदिया और मुर्शिदाबाद तो कोई उत्तर 24 परगना जिले से पकड़ा गया है। इनका टीएमसी के साथ संबंध भी सामने आया है। इससे पता चलता है कि ममता बनर्जी ने ऐसे लोगों को खुली छूट दी हुई है कि भारत के खिलाफ जो मन हो वो करिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आता है तो ये लोग फतवा जारी करके टीएमसी के पक्ष में वोट करवाते हैं। सुकांत ने कहा कि त्रिपुरा और असम में बांग्लादेश के साथ लगने वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा के ज्यादातर हिस्सों में बाड़ (तारबंदी) लगाई जा चुकी है, मगर बंगाल में ऐसा नहीं हुआ। यह इसलिए है क्योंकि बंगाल सरकार ने घुसपैठियों के खिलाफ बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं दी। ऐसे में आप घुसपैठियों को कैसे रोकेंगे।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत पार्किंग लॉटों के संचालन हेतु संविदा की सुपुर्दगी**

**सं. सीओएम/ई-ऑक्शन/एचडब्ल्यूएच/2024** **दिनांक: 26.12.2024**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के निकट, पिन-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए संविदा की सुपुर्दगी के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों में 03 वर्षों की अवधि के लिए पार्किंग लॉटों का संचालन। अधिक विवरण एवं ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए **ई-नीलामी लीजिंग** प्रारूप देखें। **सूचीपत्र सं.: पीएआरके-एचडब्ल्यूएच-डीईसी-2, नीलामी शुरू होने की तारीख/समय:** 08.01.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **क्रमांक एवं लॉट नं.; स्टेशन के नाम** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **(1)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-टीडब्ल्यू-255-24-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); हावड़ा। **(2)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूएई-टीडब्ल्यू-107-24-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); कटवा।

(HWH-510/2024-25) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# फर्जी पासपोर्ट रैकेट : जन्म प्रमाणपत्र से लेकर पासबुक तक सभी दस्तावेज फर्जी

**संबंधित विभाग के अधिकारियों ने पुलिस को सत्यापित की जानकारी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पासपोर्ट फर्जीवाड़े की जांच में कोलकाता पुलिस को पता चला है कि अलग-अलग जगहों से बरामद जन्म प्रमाणपत्र, स्कूल प्रमाण पत्र, मतदाता पहचानपत्र और यहां तक कि बैंक पासबुक भी फर्जी निकले हैं। दरअसल पुलिस ने बड़ी संख्या में बरामद पहचानपत्रों की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए कई नगर पालिकाओं, पंचायतों, शिक्षा बोर्ड, चुनाव आयोग के शाखा कार्यालयों व बैंकों के संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक संबंधित अधिकारियों ने बताया है कि प्रमाणपत्र फर्जी हैं। वहीं दूसरी ओर पासपोर्ट सत्यापन के दौरान पुलिस की लापरवाही के कई मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे में कोलकाता पुलिस पासपोर्ट सत्यापन प्रक्रिया में पुलिस की भूमिका में बदलाव कर रही है।

कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने शनिवार को बताया कि नगरपाल हर थाने को नई प्रक्रिया के बारे में दिशा-निर्देश भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि पासपोर्ट जारी करने से पहले सभी पुलिस स्टेशनों के प्रभारी को नोडल अधिकारी से बात करनी होगी। सत्यापन के समय संपूर्ण आपराधिक रिकार्ड और सटीक जन्मतिथि एकत्र की जानी चाहिए। पते की पुष्टि करने में सावधानी बरतें। सत्यापन के समय पुलिस द्वारा निभाई गई भूमिका को बहीखाते में दर्ज किया जाना चाहिए ताकि पुलिस को अदालत में सवालों का सामना न करना पड़े। एसीपी, डीसीपी पासपोर्ट आवेदक के पते का सत्यापन करेंगे। सिर्फ पता ही नहीं, उन्हें पासपोर्ट सत्यापन की पूरी प्रक्रिया को सत्यापित करना होगा। सत्यापित जानकारी को राष्ट्रीय स्तर के पोर्टल में भी शामिल किया जाएगा।

# चंपाहाटी में फिर पटाखा कारखाने में विस्फोट, एक महिला की मौत व तीन की हालात नाजुक



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले में फिर विस्फोट की घटना में एक महिला की मौत हो गई व तीन घायल लोगों की हालात खराब है। उक्त घटना बारूइपुर थाना अंतर्गत चंपाहाटी ग्राम पंचायत के हंडाल गांव के सरदार पाड़ा में घटी। एक पटाखा कारोबारी के घर विस्फोट होने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि अन्य तीन लोग घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में एमआर बांगुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। विस्फोट की तीव्रता से घर की छत भी उड़ गई। जब घटना घटी तब घर में मकान मालिक पिंटू मंडल, शुभंकरी सरदार और भक्ति सरदार वहां मौजूद थे। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, पिंटू मंडल का शरीर भी लगभग 100 फीसदी जल चुका है। विस्फोट के बाद देखते ही देखते घर में आग लग गई। सूत्रों के मुताबिक, घर में पटाखा बनाए जाने के दौरान विस्फोट हुआ। इस दिन, दोपहर करीब 12.30 बजे ग्रामीणों ने धमाके की आवाज सुनी। वे तुरंत मौके पर पहुंचे। लोगों ने आग बुझाई। बाद में, बारूइपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों का दावा है कि आग घर में रखे गैस सिलेंडर से लगी। पुलिस जांच कर रही है कि विस्फोट कैसे हुआ।

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना सिविल इंजीनियरिंग**

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई.निविदा आमंत्रित करते है। **टेंडर संख्या:** 217 / 2024, **कार्य का विवरण:** कोटा – सवाईमाधोपुर सेक्शन – टीएसआर (पी) – 8.400 कि.मी. वाय पीक्यूआरएस विद कॉन्ट्रेक्टरस पोर्टल 6.400 कि.मी. एड़ मेन्युअल–2.000 कि.मी. इनकुलिंड़िग सबसाइड़री वर्क विद बीसीएम। **अनुमानित लागत:** 19854984.58, **बयाना राशि:** 249300.00, **टेंडर संख्या:** 218 / 2024आर, **कार्य का विवरण:** कोटा – मथुरा सेक्शन – रिपलेसमेंट ओल्ड़ आरसीसी / स्टोन स्लेव विद आरसीसी बॉक्स / स्लेव एट ब्रिज न. 256अप, 257अप, 274अप, 287अप, 292अप, 302अप, 303 अप एण्ड़ 316 अप अण्डर दि जूरिस्डिक्शन ऑफ एडीईएन–सवाई माधोपुर।, **अनुमानित लागत:** 28043675.85, **बयाना राशि:** 290200.00, **टेंडर संख्या:** 219 / 2024, **कार्य का विवरण:** हिंड़ौन एण्ड़ श्रीमहावीरजी – सप्लाई ऑफ क्लीन पोटेवल वाटर पर ड़े टू रेलवे इन ओवर हेंड़ टेंक विद कॉन्ट्रेक्टरस मिन्स (फॉर 02 ईयरस)।, **अनुमानित लागत:** 1684517.00, **बयाना राशि:** 33700.00, **टेंडर संख्या:** 220 / 2024, **कार्य का विवरण:** कोटा – मखोली सेक्शन – टीआरआर (पी) – 33.439 कि.मी. विद 60 केजी रेलस।, **अनुमानित लागत:** 24856724.17, **बयाना राशि:** 274300.00, **टेंडर संख्या:** 221 / 2024, **कार्य का विवरण:** कोटा – इम्प्रूवमेंट ऑफ बेसिक अमेनिटीज इन स्टाफ क्वार्टरस एट जूरिस्डिक्शन ऑफ एडीईएन / डब्ल्यू / कोटा एण्ड़ एडीईएन / बारा / कोटा।, **अनुमानित लागत:** 4133228.90, **बयाना राशि:** 82700.00, **टेंडर संख्या:** 222 / 2024, **कार्य का विवरण:** कोटा – इम्प्रूवमेंट इन बेसिक अमेनिटीज इन स्टाफ क्वार्टरस इन जूरिस्डिक्शन ऑफ एडीईएन शामगढ़ सेक्शन एण्ड़ एडीईएन / रामगंजमंडी सेक्शन।, **अनुमानित लागत:** 6214643.99, **बयाना राशि:** 124300.00, **टेंडर संख्या:** 223 / 2024, **कार्य का विवरण:** कन्सट्रेक्शन ऑफ आरपीएफ आउटपोस्ट नागदा बिल्ड़िग एण्ड़ 20 बेड़ मेल + 05 बेड़ फिमेल बैरेक विद फर्निचर, बेड़ एण्ड़ गीजर ईटीसी. एट आरपीएफ आउटपोस्ट नागदा।, **अनुमानित लागत:** 7925524.54, **बयाना राशि:** 158500.00, **टेंडर संख्या:** 224 / 2024, **कार्य का विवरण:** नागदा – कोटा सेक्शन – टीआरआर (पी) – 18.981 कि.मी. विद 60 केजी. रेलस।, **अनुमानित लागत:** 14320887.37, **बयाना राशि:** 221600.00, **उपरोक्त सभी टेण्डर को भरने की अंतिम तिथि एवं समय:** 20.01.2025 को 15.30 घंटे पर। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई.निविदा में तथा वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

**वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेल, कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# पूर्व खाद्य मंत्री की गिरफ्तारी के बाद भी बंगाल में राशन घोटाला जारी : शुभेंदु अधिकारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व वाली बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए राशन वितरण में घोटाले का आरोप लगाया है। एक्स पर एक पोस्ट में हमला करते हुए उन्होंने लिखा कि पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी के बावजूद बंगाल में करोड़ों रुपये का राशन घोटाला अभी भी जारी है। उन्होंने दावा किया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से वितरित किए जाने वाले चावल को निजी स्वामित्व वाली चावल मिलों में भेजा जाता है और खुले बाजार में बेचने के लिए उसे पालिश किया जाता है। उन्होंने एक चावल मिल का वीडियो साझा किया, जिस पर उन्होंने आरोप लगाया कि वह सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से वितरित किए चावल को पालिश हो रही है। शुभेंदु ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि यह वीडियो दिखाता है कि कैसे पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ज्योतिप्रिय और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी के बावजूद बंगाल में करोड़ों रुपये का राशन घोटाला अभी भी चल रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली वाले चावल के निजी चावल मिलों में जा रहे हैं। इसके बाद, उसे पालिश किया जा रहा है और खुले बाजार में बेचने के लिए तैयार किया जा रहा है। राज्य सरकार और निजी चावल मिल गठजोड़' द्वारा अनाज की 'लूट' का आरोप लगाते हुए, उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से मामले की जांच शुरू करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इसके साथ संलग्न वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे राइस मिल के अंदर पीडीएस चावल की फिर से पालिश किया जा रहा है। उन्होंने कहा मैं डारेक्टर ईडी से अनुरोध करता हूं कि कृपया इस मामले को देखें और जांच करें कि कैसे आम जनता के लिए राशन का अनाज राज्य सरकार-निजी चावल मिल गठजोड़ द्वारा लूटा जा रहा है।

## राशन घोटाला : ईडी का दावा, बरामद डायरी में छिपे हैं कई राज

ईडी ने दावा किया है कि उसके द्वारा बरामद मैरून डायरी के पन्नों में राज्य के 10 हजार करोड़ रुपये के राशन आवंटन घोटाले के कई राज छिपे हैं। बता दें कि केंद्रीय एजेंसी ने अक्टूबर 2023 इस भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक के करीबी अभिजीत दास के घर पर तलाशी के दौरान यह डायरी बरामद की थी जो अब जांच में बहुत महत्वपूर्ण है। डायरी में दर्ज लेनदेन के लिए स्पष्ट रूप से समझ में न आने वाली सांकेतिक भाषा का इस्तेमाल किया गया है। हाल में ईडी ने ज्योतिप्रिय के करीबी सुब्रत घोष और हतेश चांडक नाम के दो चावल मिल मालिकों और शांतनु भट्टाचार्य नाम के उनके करीबी चार्टर्ड अकाउंटेंट को गिरफ्तार किया है। जांच से पता चला कि ये तीनों ज्योतिप्रिय द्वारा नियंत्रित राशन वितरण भ्रष्टाचार गिरोह में एक सिंडिकेट का हिस्सा थे। मैरून डायरी में इस सिंडिकेट के वित्तीय लेनदेन का विवरण कई फर्जी किसानों या फर्जी कंपनियों के नाम के शुरुआती अक्षर सांकेतिक भाषा में लिखकर दर्ज किया गया है। ज्योतिप्रिय के आदेश पर राज्य सरकार द्वारा किसानों से धान की खरीद के लिए समर्थन मूल्य के अरबों रुपये कैसे गबन किए गए, यह उस डायरी के पन्नों पर प्रतीकात्मक भाषा में लिखा गया है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, फर्जी किसानों के नाम पर हजारों बैंक खाते खोले गए।

www.samagya.in

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# नव वर्ष की शुरुआत में बंगाल में पड़ सकती है कड़ाके की ठण्ड



**कोलकाता, समाज्ञा :** क्रिसमस तक तो बंगाल में हल्की-ठंडी बनी रही, लेकिन अब नया साल ठंड के साथ दस्तक देने वाला है। अलीपुर मौसम विभाग के अनुसार, नए साल की शुरुआत में ठंड एक बार फिर लौटेगी। पश्चिम बंगाल के पश्चिमी जिलों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा सकता है। मौसम विभाग की ओर से आज जारी बयान के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय हो चुका है। एक जनवरी को एक और नया पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है। इसके साथ ही, पूर्वी बांग्लादेश और आसपास के क्षेत्रों में चक्रवातीय परिसंचरण बना हुआ है। राजस्थान में भी एक सक्रिय चक्रवात है। दक्षिण बंगाल के तीन जिलोंपश्चिम बर्धमान, बीरभूम और मुर्शिदाबाद में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, उत्तर बंगाल के अधिकांश जिलों में बारिश का अनुमान है। कालिम्पोंग में ओलावृष्टि और दार्जिलिंग में बर्फबारी की संभावना जताई गई है। दक्षिण बंगाल में अगले 24 घंटों के दौरान तापमान में एक-दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन सोमवार और मंगलवार से तापमान में गिरावट शुरू होगी। बुधवार तक दक्षिण बंगाल में तापमान पांच डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। कोलकाता में तापमान 14 डिग्री या उससे नीचे पहुंच सकता है। पश्चिम बंगाल के पश्चिमी जिलों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा सकता है। मौसम विभाग ने बताया है कि नए वर्ष की शुरुआत के साथ ही राजधानी कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुड़ा के साथ उत्तर बंगाल के अलीपुरदर, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग और कलिमपोंग में भी ठंड बढ़ेगी।

# लाखों रुपये के हेराफेरी के आरोप में एसएसबी जवान गिरफ्तार, दो दिनों की पुलिस रिमांड



**सिलीगुड़ी :** लाखों रुपये हेराफेरी के आरोप में एक एसएसबी जवान को माटीगाड़ा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अभियुक्त का नाम अमित कुमार सिंह है। पुलिस ने एसएसबी अधिकारी की शिकायत के आधार पर शुक्रवार की रात उसे गिरफ्तार किया। शनिवार को आरोपित जवान को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने आरोपित जवान का जमानत याचिका खारिज कर दो दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया। सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार जवान झारखंड का निवासी है। वह एसएसबी की 8वीं बटालियन में अकाउंटेंट के तौर पर काम करते थे। जवान पर बटालियन और अन्य जवानों के खाने-पीने के बिल का फर्जी बिल बनाकर लाखों रुपये का चूना लगाने का आरोप है। 2022 से वह एसएसबी के अकाउंटेंट विभाग में कार्यरत थे। आरोप है कि उसने पिछले जुलाई से बिल में हेराफेरी शुरू कर दी थी। उसने जुलाई से नवंबर के बीच करीब 22.5 लाख रुपये की हेराफेरी कर अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया। यह मामला पिछले नवंबर में सामने आया था। घटना सामने आने के बाद एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट ओमप्रकाश मिश्रा ने माटीगाड़ा थाने में अमित कुमार सिंह के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करायी। उनके द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायत के आधार पर जांच के बाद पुलिस ने अमित कुमार सिंह को शुक्रवार की रात एसएसबी के 8वीं बटालियन कैंप से गिरफ्तार कर लिया। जवान से हेराफेरी के मामले में पूछताछ की जाएगी।

# कटवा में ज्योतिष के घर पर बंदूक की नोंक पर डकैती, चलाई गोली

**पूर्व बर्दवान :** जिले के कटवा (1) ब्लॉक के पुईन गांव में शुक्रवार की रात डकैतों के एक दल ने एक घर में घुसकर लूटपाट की। आरोप है कि डकैतों ने इस दौरान एक युवक पर गोली चला दी। स्थानीय और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इलाके के निवासी निवास दास ज्योतिष का अभ्यास करते हैं। घर पर उनका परिवार, पत्नी, बेटा, बेटी, सास और बहन हैं। शुक्रवार को निवास दास ने अपनी पत्नी और बेटी के साथ बांकुड़ा के जयरामबाटी गए थें। घर में बूढ़ी सास, बहन और बेटा राकेश दास थे। कथित तौर पर, रात करीब 11 बजे 6-7 नकापोश लुटेरों का एक गिरोह पुईन गांव के निवासी निवास दास के घर में पिछले दरवाजे से घुस गया। उनके हाथों में बंदूकें और रिवाल्वर थे। उन्होंने पहले राकेश को गन प्वाइंट पर लिया और लूटपाट शुरू कर दी। आरोप है कि जब राकेश ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो लुटेरों ने फायरिंग कर दी। गोली राकेश की पिछली पसलियों में लगकर निकल गईं। लुटेरों के हंसुए से राकेश की उंगली कट गई। घर में लूटपाट करने के बाद लुटेरे चले गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भारत में जेन जेड और मिलेनियल्स के दो-तिहाई से अधिक लोग पहली बार पालतू जानवरों के मालिक बने

**कोलकाता, समाज्ञा :** जानवरों की देखभाल और पोषण में वैश्विक अग्रणी, मार्स पेटकेयरने अपने ग्लोबल पेट पेरेंट सर्वे से महत्वपूर्ण निष्कर्ष जारी किए हैं। इस सर्वे में दुनिया भर के 20 हजार से अधिक पालतू जानवरों के मालिक (कुत्ते और बिल्ली पालने वाले) शामिल थे, जिनमें भारत के 1,000 उत्तरदाता भी शामिल थे। सर्वेक्षण से पता चलता है कि पालतू जानवरों का हमारे जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। यह मार्स द्वारा अब तक किए गए सबसे बड़े सर्वेक्षणों में से एक है। इस सर्वे में पाया गया कि दो-तिहाई पालतू जानवरों के उत्तरदाता अपने कुत्ते या बिल्ली को अपने जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में जेन जेड और मिलेनियल्स के दो-तिहाई से अधिक लोग पहली बार पालतू जानवरों के मालिक बने हैं। जेन जेड-कुत्ते 68% और बिल्ली 71%, मिलेनियल्स-कुत्ते 70% और बिल्ली 72% है।

# आईआईसीएचई ने हेरिटेज ग्रुप के सीईओ प्रदीप अग्रवाल को 'ऑनरेरी फेलो' से किया सम्मानित




**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के सीईओ प्रदीप अग्रवाल को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल इंजीनियर (आईआईसीएचई) द्वारा 'ऑनरेरी फेलो' सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें इंजीनियरिंग शिक्षा के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए दिया गया है, जहां उन्होंने एक कुशल प्रशासक और अग्रणी दृष्टिकोण के साथ शिक्षा को नई दिशा दी है। यह सम्मान श्री अग्रवाल को आईआईसीएचई के केमिकल कांग्रेस 2024 के दौरान प्रदान किया गया, जो 27 से 30 दिसंबर 2024 तक जलंधर के एनआईटी में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मान समारोह में आईआईसीएचई के अध्यक्ष एस.आई. ठक्कर, सचिव एस.बी. कुइला और पद्मश्री प्रो. जी.डी. यादव भी उपस्थित रहे।

# मेट्रो यात्रियों के लिए डिजिटल सुविधा : स्मार्ट कार्ड रिचार्ज और यूपीआई पेमेंट सिस्टम को लेकर विशेष शिविर




**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे प्राधिकरण ने यात्रियों के लाभ के लिए विभिन्न आधुनिक डिजिटल भुगतान विधियों की शुरुआत की है। इन डिजिटल भुगतान विधियों को यात्रियों के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए मेट्रो कर्मचारी नियमित रूप से विभिन्न स्टेशनों पर शिविर आयोजित कर रहे हैं। 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप जो ऑनलाइन टिकटिंग सिस्टम को सक्षम बनाता है, अब यात्रियों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहा है। शनिवार को मेट्रो कर्मचारियों ने ब्लू लाइन, ग्रीन लाइन-1 और ग्रीन लाइन-2 के सभी स्टेशनों पर विशेष शिविर आयोजित किए। इन शिविरों का उद्देश्य मेट्रो उपयोगकर्ताओं को इस ऐप और इसके उपयोग के तरीके के बारे में जागरूक करना था। मेट्रो कर्मचारियों ने यात्रियों को एससीअ-ारएम मशीनों के माध्यम से यूपीआई भुगतान आधारित टिकटिंग सिस्टम का उपयोग करके स्मार्ट कार्ड रिचार्ज करने और टोकन खरीदने में भी मदद की। इस प्रकार के शिविर मेट्रो यात्रियों को इस यूजर-फ्रेंडली ऐप और यूपीआई भुगतान आधारित टिकटिंग सिस्टम से परिचित कराएंगे। यह यात्रियों का कीमती समय बचाने में मदद कर रहा है, क्योंकि अब उन्हें टिकट खरीदने या स्मार्ट कार्ड रिचार्ज करने के लिए लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ता।

# पवित्रम सेवा परिवार के तत्वावधान में छात्रों की इंटर्नशिप से राष्ट्र और समाज को नई दिशा




**कोलकाता, समाज्ञा :** पवित्रम सेवा परिवार के तत्वावधान में बिनोद बिहारी कोयलांचल विश्वविद्यालय के जीएन कॉलेज के 65 छात्र अपनी इंटर्नशिप के अंतर्गत योग, ध्यान, पर्सनालिटी डेवलेपमेंट, सॉफ्ट स्किल डेवलेपमेंट और प्रायोगिक व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ-साथ समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के तरीकों को सीख रहे हैं। इन छात्रों में विभिन्न जाति, वर्ण, पंथ और समुदाय से जुड़े छात्र शामिल हैं, लेकिन सभी अपने व्यक्तिगत भेदभाव से ऊपर उठकर धनबाद और राष्ट्रहित में सक्रियता से इंटरेक्टिव इंटर्नशिप कर रहे हैं। इस इंटर्नशिप के माध्यम से छात्रों को राष्ट्रवाद, कौमी एकता और सामाजिक समरसता के मूल्य सिखाए जा रहे हैं। ये मूल्य न केवल उनके जीवन को आकार देंगे, बल्कि एक सुंदर राष्ट्र निर्माण में भी सहयोग करेंगे। सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में, पवित्रम सेवा परिवार के माध्यम से ये छात्र झारखंड की अनूठी पहल रक्तदाता निर्देशिका बना रहे हैं। इसके तहत, छात्र विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस प्रयास के लिए, पवित्रम सेवा परिवार वेबसाइट बनाई गई है, जहां रक्तदाता बने नामक टेम्पलेट पर जाकर लोग अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। यह निर्देशिका धनबाद के सभी सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों, कॉलेजों और बैंकों को जोड़ेगी, ताकि रक्त की कमी से किसी की मृत्यु न हो। इसके साथ ही एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा, जिससे लोग आपात स्थिति में मदद प्राप्त कर सकें। इस अभियान में किरण सिन्हा, हेमंत चौहान, मेघा गोयनका, सोनी कुमारी और ललिता सिंह का विशेष योगदान है।

# 'ईट राइट कैंपस' और 'ईट राइट स्टेशन' पहल को बढ़ावा देने के लिए एफओएसटीएसी प्रशिक्षण सत्र का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के 'ईट राइट कैंपस' और 'ईट राइट स्टेशन' पहल के तहत पूर्व रेलवे के मेडिकल विभाग ने अपनी रेलवे सीमाओं में खाद्य सुरक्षा और स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस दिशा में, हाल ही में कोलकाता के पुराने कोइलाघाट बिल्डिंग स्थित संयुक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त कार्यालय में एफओएसटीएसी (फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन) का व्यापक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व रेलवे और आईआरसीटीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें डॉ. अनुपम सेट, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा निदेशक, डॉ. संगमित्रा चटर्जी, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मनोज कुमार सिंह, जीजीएम/आईआरसीटीसी/पूर्वी क्षेत्र, अनंता मुखर्जी, उप मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक/एफएस, राकेश कुमार, वरिष्ठ वाणिज्यिक प्रबंधक/एफएस और नीलांजन दत्ता, खाद्य सुरक्षा अधिकारी/पूर्व रेलवे शामिल थे। प्रशिक्षण सत्र का संचालन प्रो. डॉ. देबोर्शी डे ने किया। जो एफएसएसएआई के प्रशिक्षण भागीदार 'परिक्षण' के प्रतिनिधि और एक प्रख्यात खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञ हैं। इस दिनभर चले सत्र में पूर्व रेलवे के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों और संस्थानों जैसे जीएम स्टाफ कैंटीन, बी.आर. सिंह अस्पताल, कोलकाता, बहरमपुर कोर्ट और मुर्शिदाबाद रेलवे स्टेशन के खाद्य व्यवसाय संचालकों और खाद्य हैंडलरों को खाद्य सुरक्षा के महत्व और प्रमाणन से परिचित कराया गया। ईट राइट कैंपस' और 'ईट राइट स्टेशन' पहल, एफएसएसएआई द्वारा शुरू की गई ये पहल सुरक्षित, पौष्टिक और पर्यावरण के अनुकूल खाद्य विकल्पों को बढ़ावा देने और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए है। यह कार्यक्रम कैंपस, कार्यस्थल, अस्प-ताल, और रेलवे स्टेशनों पर लागू होते हैं, जिसका उद्देश्य खाद्य व्यवसाय संचालकों, हैंडलरों और उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता फैलाना है।

# चलती ट्रेन में यात्री की जान बचाकर रेलवे कर्मियों ने पेश की मिसाल

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा खड़गपुर डिवीजन के वरिष्ठ सीसी/टीसी ने अद्वितीय बहादुरी दिखाते हुए एक यात्री की जान बचाई। यह घटना शनिवार की सुबह टाटानगर स्टेशन पर हुई। जब एक यात्री ट्रेन संख्या 12814 स्टील एक्सप्रेस में चढ़ने की कोशिश कर रहा था। ट्रेन के चलते ही यात्री का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच के अंतराल में गिरने लगा। इस स्थिति को देखते हुए, राकेश कुमार पांडेय ने तुरंत कार्रवाई करते हुए यात्री को सुरक्षित बाहर खींच लिया और एक संभावित हादसे को टाल दिया। इसके बाद राकेश कुमार पांडेय और विनय कुमार चौधरी, टीटीआई, हावड़ा (एस)/खड़गपुर डिवीजन, ने यात्री को प्राथमिक चिकित्सा दी। उनकी तत्परता और बहादुरी ने एक कीमती जीवन को बचाया और रेलवे कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। रेलवे प्रशासन ने इस घटना को यात्रियों की सुरक्षा के प्रति रेलवे कर्मचारियों की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया है।

# दैवीय सिद्धांत ईश्वरीय शक्ति और धर्म है : स्वामी विशोकानंद भारती



**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती महाराज ने श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ मेंकहा कि संसार में देवीय शक्ति सर्वत्र है। दैवीय, दिव्य शक्तियां को पाया जा सकता है, अनेक सिद्ध महापुरुषों ने इन शक्तियों को पाया भी है। दैवीय सिद्धांत ईश्वरीय शक्ति और धर्म है। समाजसेवी श्याम रतन – कृष्णा, हेमन्त – रितिका, दीपक – दिव्या मूंधड़ा एवं परिवार के सदस्यों तथा श्रद्धालु भक्तों ने व्यास पीठ का पूजन किया। बीकानेर राजगुरु स्वामी विशोकानंद भारती महाराज ने कहा कि चार वेद, 18 पुराण, महाभारत – गीता, रामायण एवं धार्मिक ग्रंथों के सिद्धान्त, उपदेश का अनुसरण करने से मानव जीवन सार्थक है। कौरव तथा रावण का विनाश आसुरी प्रवृति का विनाश है, महाभारत में श्रीकृष्ण के उपदेश से पाण्डव की जीत, भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध से प्रेरणा लेकर भक्तों को अपने विवेक से मोक्ष मार्ग के लिये देवी की आराधना करनी चाहिये। अहंकार, आसुरी प्रवृति को छोड़ना होगा। मूंधड़ा परिवार के सदस्यों ने श्रद्धालु भक्तों का स्वागत किया।

# सियालदह-मालदह गौर एक्सप्रेस के लिए नए एलएचबी रेक की शुरुआत

**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह और कोलकाता के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई है। सियालदह-मालदह टाउन गौर एक्सप्रेस (13153/13154) में अब नए लिंक-हॉफमैन-बुश (एलएचबी) रेक की सुविधा शुरू की गई है। यात्रियों को अधिक आरामदायक और सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से, 13153/13154 सियालदह-मालदह टाउन-सीलदह गोर एक्सप्रेस के दो रेक (28 दिसंबर से सियालदह और मालदह से प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए) को पारंपरिक आईसीएफ कोच से एलएचबी कोच में परिवर्तित किया गया है। एलएचबी कोच एंटी-क्लाइंबिंग फीचर्स के साथ डिजाइन किए गए हैं, जो दुर्घटना के दौरान चोट के जोखिम को कम करते हैं। ये कोच क्रैशवर्दी हैं, जो टकराव की स्थिति में ऊर्जा को अवशोषित और वितरित कर सकते हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। इन कोचों में बड़े बर्थ और बेहतर गुणवत्ता वाले कुशन होते हैं, जो यात्रा को अधिक आरामदायक बनाते हैं। एलएचबी कोच अग्निरोधी सामग्रियों से बने होते हैं, जिससे आग से संबंधित घटनाओं का जोखिम कम हो जाता है। ये कोच उन्नत ब्रेकिंग सिस्टम से लैस हैं, जो आपात स्थिति में प्रभावी ब्रेकिंग सुनिश्चित करते है। एलएचबी कोच के सस्पेंशन सिस्टम यात्रा के दौरान बेहतर स्थिरता और नियंत्रण प्रदान करते है। एलएचबी रेक की शुरुआत के साथ बर्थ की संख्या में वृद्धि हुई है। फर्स्ट एसी में 2 अतिरिक्त बर्थ, सेकंड एसी में 12 अतिरिक्त बर्थ, थर्ड एसी में 16 अतिरिक्त बर्थ है। अब गोर एक्सप्रेस में यात्रा करने वाले यात्री इन अत्याधुनिक एलएचबी कोचों के साथ अधिक सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा का आनंद ले सकते हैं।

# हिंसा और अपसंस्कृति के खिलाफ एक मुहिम है हिंदी मेला




**कोलकाता, समाज्ञा :** हिंदी मेला के तीसरे दिन फेडरेशन हॉल सोसायटी में चित्रांकन, कविता पोस्टर और हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रेम और हिंसा विषय पर आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता में बच्चों ने दुनिया को बचाने के भाव और हिंसा के विरोध में चित्र बनाएं। कविता पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने हिंदी के प्रमुख कवियों की कविताओं पर आकर्षक एवं अर्थपूर्ण पोस्टर बनाया। इस अवसर पर निर्णायक चित्रकार पार्थप्रिय चटर्जी, कार्तिक बासफोर, बतौर अतिथि डॉ रामप्रवेश रजक, ललित एम खैमानी, मिशन के संरक्षक रामनिवास द्विवेदी ने अपना वक्तव्य रखा। हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता का डिजिटल रूप में संचालन राजेश साव, उत्तम ठाकुर, डॉ इबरार खान, प्रो.लिली साह, रूपेश कुमार यादव, सुषमा कुमारी और विशाल साव ने किया। चित्रांकन का संचालन डॉ सुमिता गुप्ता, संजना जायसवाल, मुकेश पंडित, मंगल पांडे, राजेश प्रसाद, अनुराधा भगत, सुजाता भगत, कामना दीक्षित ने किया।

# अग्रवाल समाज की 11 विभूतियों को दिया गया अग्र सम्मान



**कोलकाता, समाज्ञा :** महाराजा अग्रसेन धाम द्वारा समाज सेवा में संलग्न 11 विशिष्ट विभूतियों को अग्र सम्मान से विभूषित किया गया। कर्मयोगी, कीर्तिपुरुष, अग्रसेन धाम के संस्थापक स्व. पुष्करलाल केडिया को कृतज्ञ समाज ने अग्ररत्न सम्मान प्रदान किया। उनके सुपुत्र पवन केडिया तथा अन्य परिजनों ने स्वामी गिरिशानन्द सरस्वती के कर-कमलों से सम्मान ग्रहण किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि सनातन संस्कृति में परोपकार को सबसे बड़ा धर्म माना गया है। अर्जन के साथ समाज के लिए विसर्जन की प्रवृत्ति और पुष्ट होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज अत्यन्त समर्थ है। समाज के लोग सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, गौसेवा आदि में मुक्त हस्त अनुदान देकर सामाजिक संरचना को सुदृढ़ बनाते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सलाहकार एवं पूर्व मुख्य सचिव बी पी गोपालिका, सी.ए.जी के प्रिंसिपल अकाउन्टेंट जनरल राजस्थान सतीश गर्ग (आई.ए.ए.एस), गौसेवी बृजमोहन गाड़ोदिया, विष्णु फोगला, राजेश मित्तल, निरंजन कुमार अग्रवाल, डा. ललित कुमार अग्रवाल, रमेश कुमार सरावगी एवं पवन कुमार टिबड़ेवाल को अग्र गौरव सम्मान से विभूषित किया गया। उपरोक्त सभी सम्मानित व्यक्तित्व विविध क्षेत्रों में सेवामूलक कार्यों से जुड़े हैं। इस अवसर पर स्वामी डॉ. मुक्तानन्द पुरी महाराज ने भी सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। महाराजा अग्रसेन धाम के अध्यक्ष ओम जालान एवं मंत्री निर्मल सराफ ने संस्था के सेवाकार्यों का उल्लेख करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राधेश्याम गोयनका, बनवारीलाल सोती, सत्यनारायण देवरालिया, असोक चूड़ीवाल, अनिल केडिया, बिरमप्रकाश सुल्तानिया, सुरेंद्र अग्रवाल, पवन माधोगढ़िया, डॉ. विकास अग्रवाल सहित अनेकानेक लोग उपस्थित थे। समारोह का मंच संचालन प्रकाश चण्डालिया ने किया।

# जिसके पास धर्म रथ होता है वही विजेता : स्वामी गिरिशानंद महाराज

### ✒ महाराजा अग्रसेन धाम द्वारा आयोजित नौं दिवसीय श्रीराम कथा का समापन



**कोलकाता, समाज्ञा :** भगवान की कथा में आनंद तभी आता है जब सच्चे मनोभाव से सुना जाए। हमारे शास्त्रों का मानना है कि शक्ति, भक्ति और सम्पत्ति चाहिए तो तपस्या करना चाहिए। तपस्या से जो अर्जित सम्पदा मिलती है, उसका सदुपयोग करना चाहिए। रावण ने भी तपस्या की थी, परिणाम क्या हुआ? हम सब जानते हैं। रावण का पूरा खानदान नष्ट हो गया। रावण मोह का प्रतीक है तो कुंभकर्ण अहंकार का। मोह जीवन में आता है तो उचित-अनुचित का निर्णय व्यक्ति नहीं करता। अहंकार पतन का मार्ग है। रावण और कुंभकर्ण वास्तव में भगवान के पार्षद जय-विजय ही थे। भगवान अपने भक्तों के उद्धार के लिए अवतार लेते हैं। जीवन में सुख-दुख हमारे मन की मान्यता है। एक घटना से कोई सुखी होता है तो कोई दुखी। मेघनाथ की वीरघातिनी शक्ति से जब लक्ष्मण जी बेहोश हो गए, रावण की सेना में आनंद की लहर दौड़ गई तो राम की सेना दुख की लहर। भगवान शंकर पार्वती से कहते हैं, भगवान राम की भृकुटी से प्रलय हो जाता है वहीं राम राक्षसों से युद्ध करते हैं। भगवान राम सदा यज्ञ की रक्षा करते हैं। राम ने विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा की थी। राम को जब पता चला कि मेघनाथ का यज्ञ यदि सम्पन्न हो जाएगा तो अधर्म बढ़ जाएगा, इसलिए वे मेघनाथ के यज्ञ को विध्वंस करने के लिए लक्ष्मण को भेजते हैं। रावण जब भगवान राम से युद्ध करने के लिए आया तो रथ पर चढ़कर। जिसके पास धर्म रहता है, उसकी विजय सुनिश्चित है। मरते वक्त रावण के शरीर से एक दिव्य ज्योति निकली और वह राम के शरीर में विलीन हो गई। चलते वक्त रावण ने राम से कहा, मेरे जीवित होते आप लंका में प्रवेश नहीं कर पाए, मुझे देखिए आपके जीते जी मैं बैंकुठ धाम जा रहा हूं। प्रभु की शरण में जो आता है भगवान अपने से पहले उसका राज्याभिषेक करते हैं। भगवान ने लंका में शरणागत विभीषण का पहले राज्याभिषेक करवाया, बाद में अपना। हमारे जीवन में जब भगवान आते हैं तो हम सजने लगते हैं। सभी लोग भगवान की सेवा करते हैं पर जिनकी सेवा भगवान स्वयं करें तो वह सौभाग्यशाली होता है। भगवान राम अपने भक्त भरत को अपने ही हाथों से स्नान कराते हैं, सजाते हैं। भगवान अपने प्रेमी भक्तों की सेवा कभी-कभी छुप-छुपकर करते हैं, यही प्रभु का स्वभाव हैं। ये बातें महाराजा अग्रसेन धाम के तत्वावधान में श्रीराम कथा पर प्रवचन करते स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज ने डिवनिटी पवेलियन सभागार (श्रीभूमि, लेकटाउन) में कही। इस अवसर पर दर्शन केसरी स्वामी मुक्तानंद पुरी महाराज ने कहा कि मानव जीवन क्षण भंगुर है, इसलिए सदा भगवान का स्मरण करना चाहिए।

कथा के मुख्य यजमान सुमन-ओम जालान व दैनिक यजमान श्याम सुंदर अग्रवाल, दीपक अग्रवाल ने व्यासपीठ का पूजन किया। राधेश्याम गोयनका, बनव-ारीलाल सोती, सत्यनारायण देवरालिया ने व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया। सतीश गर्ग, बृज मोहन गाड़ोदिया, विष्णु फोगला, राजेश मित्तल, निरंजन कुमारअग्रवाल, डॉ .ललित अग्रवाल, पवन केडिया, मोहन केडिया, रमेश कुमार सरावगी, पवन टिबड़ेवाल, श्यामसुन्दर अग्रवाल, मुरारीलाल दीवान, अनिल केडिया, अमित केडिया ने आरती की। आयोजन की सफलता हेतु श्यामसुन्दर अग्रवाल, मुरारीलाल दीवान, निर्मल सराफ, दिनेश अड़ूकिया, विवेक अड़ूकिया, विनोद अग्रवाल, अशोक चूड़ीवाल सहित सभी कार्यकर्ता सक्रिय थे। संस्था के मंत्री निर्मल सराफ ने धन्यवाद ज्ञापन एवं प्रकाश चण्डालिया ने मंच संचालन किया।

# कोन्ननगर में पकड़ में आये सफेद पानी के काले सौदागर





**हुगली, समाज्ञा :** अत्याधुनिक का दौर में बोतल बंद पानी पीने का प्रचलन है। बोतल बंद पानी अब लोगों की जरूरत बनते जा रहा है। इसे साफ सुथरा स्वच्छ पेयजल समझकर लोग पीते हैं लेकिन यह पानी सेहत के लिए कितना फायदेमंद है यह कोई नहीं जनता। एक शोध के मुताबिक हर मिनट में 10 लाख पानी की बोतलें बिकती है। पानी बोतलों में भरने और बेचने का कारोबार तेजी से पनपते जा रहा है। क्यूंकि यह कारोबार मुनाफाखोरी का है। इसमें कई गुन लाभार्जन होता है। कुछ पानी के सौदागर इसे बिना किया प्रक्रिया के ही बोतलों में बंद करके बेच देते है और मोटा मुनाफा अर्जन करते हैं। कोन्नगर में ऐसे ही पानी के सौदागर का भंडाफोड़ हुआ है जो नगरपालिका के पानी को बोतल बंद करके बेचने का काम करते हैं। एक प्रसिद्ध कंपनी द्वारा नगरपालिका के पानी को बोतलों में भरकर बेचा जा रहा है। कुछ लोग नगरपालिका के नल के पानी का भंडारण कर रहे है। हालांकि मेयर फिरहाद हकीम पहले ही इस तरह के कारोबारियों के खिलाफ गुस्सा जता चुके हैं। उन्होंने जांच के आदेश दिये है। पानी की लाइन काटने की चेतावनी भी दी है।

पानी का अवैध व्यापार भी होता है। इससे लोग अनभिज्ञ है लेकिन यह सत्य है। इसे पानी का अवैध कारोबार नहीं कहकर 'पानी की चोरी' कहना बेहतर होगा। इस बार कोन्नगर नगरपालिका के चेयरमैन स्वपन दास ने अवैध पानी कारोबारियों रंगेहाथ पकड़ा है। शनिवार की सुबह चेयरमैन स्वपन दास पानी चोरी रोकने के लिए कोन्नगर स्टेशन से सटे इलाके आरएन टेगर रोड पहुंचे। उन्होंने वहां जाकर अवैध पानी कारोबारियों को पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी जायेगी। ऐसे बहुत से लोग हैं जो नगर निगम का पानी संग्रह करके रखते हैं और उसे बोतलों में भरकर बेचते हैं। आरोप है कि एक दिन में करीब 20 से 30 हजार लीटर पानी भंडारण किया जा रहा है। पानी को बिना किसी विशेष प्रसंस्करण के बोतलबंद करके कम कीमत पर बाजार में बेचा जाता है। सवाल यह उठता है कि जल मानव जीवन में अमृत का काम करता है जल के बिना जीवन संभव नहीं अब इसके भी सौदागर तेजी से पनपते जा रहे हैं।

एक पानी कारोबारी ने बताया कि उन्होंने चार साल पहले करीब चार लाख रुपये खर्च कर घर में यह वॉटर प्लांट लगाया था। जमीन से पानी निकालकर बोतलबंद किया जाता था और बाजार में भेजा जाता था। मात्र 10 रुपये में पानी दिया जा रहा था। कम कीमत पर पानी उपलब्ध कराये जाने के कारण पानी की मांग भी अधिक थी।

कोन्नगर नगर पालिका के प्रमुख ने कहा कि पानी की चोरी रोकने के लिए आने वाले दिनों में एक अभियान चलाया जाएगा। नगरपालिका ने शहर में घर-घर तक पानी पहुंचाने के लिए कई कार्य शुरू किए हैं। फिर भी लोगों के घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। खोजबीन के दौरान पता चला कि कई ऐसे लोग हैं जो अपने घरों में अवैध रूप से पानी संग्रह कर रहे हैं। आरोप है कि वे बिना किसी वैध दस्तावेज के कारोबार कर रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक यह बोतलबंद पानी आम लोगों और पृथ्वी पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में करीब 200 करोड़ लोग ऐसे हैं जो आज भी सुरक्षित पेयजल से दूर हैं, यदि उनतक पीने का साफ पानी पहुंच भी रहा है तो वो बहुत सीमित है। ऐसे में यह बोतल बंद पानी उनकी मजबूरी है।

बोतल बंद पानी का व्यापार करने वाली कंपनियां अक्सर ऐसे प्रस्तुत करती हैं कि बोतल बंद पानी, नलजल की तुलना में कहीं ज्यादा सुरक्षित और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। हालांकि अध्ययन से जुड़े शोधकर्ताओं के मुताबिक यह हमेशा सच नहीं होता। बोतलबंद पानी, हमेशा नल जल की तरह सख्त गुणवत्ता जांच से नहीं गुजरता। विशेषज्ञों के मुताबिक प्लास्टिक की बोतलों से हानिकारक केमिकलों के रिसने का खतरा बना रहता है, खासकर अगर पानी को लंबे समय तक इन बोतलों में स्टोर किया जाता है, या फिर इन्हें धूप या बेहद अधिक तापमान में छोड़ दिया जाता है।

देखा जाए तो कई ब्रांड पानी को सुरक्षित और बेस्ट क्वालिटी का दावा करके बेच रहे हैं। लेकिन जिसे हम अमृत समझ कर पीते हैं उस पानी में कई ऐसे घटक हो सकते हैं जो हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं।

अध्ययन से पता चला है कि बोतलबंद पानी के दस से 78 फीसदी तक नमूनों में दूषित पदार्थ होते हैं। यहां तक कि इनमें माइक्रोप्लास्टिक जैसे प्रदूषक भी पाए गए हैं, जो हार्मोन को प्रभावित कर सकते हैं। इसके साथ ही बोतलबंद पाने में अन्य हानिकारक पदार्थ जैसे कि फथलेट्स और बिस्फेनॉल ए भी पाए गए हैं। गौरतलब है कि फथलेट्स का उपयोग प्लास्टिक को मजबूत बनाने के लिए किया जाता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी से ऑक्सीडेटिव तनाव, प्रतिरक्षा प्रणाली में कमजोरी और रक्त में वसा के स्तर में बदलाव जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। वहीं बीपीए के संपर्क में आने से जीवन में आगे चलकर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इनमें उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मधुमेह और मोटापा शामिल हैं।

शोध के मुताबिक नलजल एक पर्यावरण अनुकूल विकल्प है। दूसरी तरफ प्लास्टिक से बनी बोतलें समुद्र में बढ़ते प्रदूषण का दूसरा सबसे आम प्रदूषक हैं। यह कुल प्लास्टिक कचरे का करीब 12 फीसदी हिस्सा हैं।

अनुमान है कि महज नौ फीसदी बोतलों को ही रिसाइकिल किया जाता है, जबकि अधिकांश लैंडफिल में चली जाती हैं, या फिर जला दी जाती हैं। ऐसे में निष्पक्षता और सामाजिक न्याय को लेकर चिंताएं बढ़ जाती हैं।

प्लास्टिक की बोतलों से पैदा हो रहे कचरे के साथ-साथ, इनके लिए कच्चे माल की जरूरत होती है, साथ ही निर्माण के दौरान बहुत ज्यादा उत्सर्जन होता है। जो पर्यावरण के साथ-साथ जलवायु पर गहरा असर डालता है। स्थानीय लोगों की माने तो एक समय सड़कों पर अनगिनत हैंड पंप हुआ करते थे जो अब विलुप्ति के कगार पर है। तब राहगीर हो या स्थानीय हैंडपंप से अपनी प्यास बुझाता था जिसका सेहत पर अनुकूल प्रभाव भी पड़ता था। लेकिन अब बदलते वक़्त के साथ बोतल बंद पानी ही लोगों की मजबूरी बनते जा रही है। जिससे पानी के सौदागरों का व्यापार फल फूल रहा है। यह लोग चांदी काट रहे है जबकि आम लोगों की सेहत से खिलवाड़ हो रहा है नतीजन लोग विभिन्न तरह के बीमारियों से ग्रसित होते जा रहे हैं। आज होटल रेंस्तरा सार्वजनिक स्थल पर्यटन स्थल ट्रेन फ्लाइट बीएस सब जगह यह बोतल बंद अपनी धड़ल्ले से बी रहा है। जिसकी वजह से पर्यावरण पर प्रतीकात्मक प्रभाव भी पड़ रहा है और यही पानी लोगों के लिए मजबूरी भी बन गया है।

लोगों की माने तो सरकारी कार्रवाई और जागरुकता अभियान इस दिशा में लोगों की सोच और व्यवहार को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इन अभियानों में लोगों को नलजल से पर्यावरण और स्वास्थ्य को होने वाले फायदों के बारे में जागरूक करना चाहिए। इससे ज्यादा से ज्यादा लोगों की आदतों में सकारात्मक बदलाव आएगा।

# पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे पर साधा निशाना

**पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के लिए अलग स्मारक की गई हैं मांग**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के लिए अलग स्मारक की मांग को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की आलोचना की है। शर्मिष्ठा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने बयान में आरोप लगाया कि जब अगस्त 2020 में उनके पिता और पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का निधन हुआ था, तब कांग्रेस नेतृत्व ने कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की शोकसभा आयोजित करना भी जरूरी नहीं समझा। उन्होंने कहा कि उस समय कांग्रेस नेतृत्व ने इस मुद्दे पर उन्हें गुमराह किया। उनके अनुसार, कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि यह प्रथा भारतीय राष्ट्रपतियों के लिए लागू नहीं होती। शर्मिष्ठा ने इस तर्क को बेतुका बताते हुए दावा किया कि उनके पिता की डायरियों से उन्हें पता चला कि जब पूर्व राष्ट्रपति के.आर. नारायणन का निधन हुआ था, तो सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलाई गई थी और शोक संदेश खुद प्रणब मुखर्जी ने लिखा था।

शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कांग्रेस पर यह आरोप भी लगाया कि पार्टी ने गांधी परिवार से इतर दूसरे दिग्गज नेताओं को हमेशा नजरअंदाज किया। इस मुद्दे पर उन्होंने सी.आर. केशवन नाम के एक व्यक्ति की पोस्ट का जिक्र किया, जिसमें कहा गया था कि कांग्रेस ने कई राज्यों के नेताओं और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को सिर्फ इस कारण से अनदेखा किया क्योंकि वे गांधी परिवार के सदस्य नहीं थे। इसके साथ ही उन्होंने 'द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर' पुस्तक का हवाला दिया, जिसे डॉ. मनमोहन सिंह के 2004 से 2009 तक मीडिया सलाहकार रहे और फाइनेंशियल एक्सप्रेस के पूर्व संपादक डॉ. संजय बारू ने लिखा है। इस पुस्तक में कहा गया है कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने 2004 में दिवंगत प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव के लिए दिल्ली में कोई स्मारक नहीं बनाया, जबकि 2004 से 2014 तक पार्टी सत्ता में थी। बारू ने अपनी किताब में यह भी दावा किया है कि कांग्रेस राव का अंतिम संस्कार दिल्ली के बजाय उनके गृह नगर हैदराबाद में कराने की पक्षधर थी।

## हावड़ा सिटी पुलिस ने साइबर क्राइम से बचने के लिए चलाया जागरूकता कार्यक्रम



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा सिटी पुलिस के सांकराईल थाना साइबर क्राइम थाने और एसबीआई (मशिला शाखा) के संयुक्त तत्वावधान में एक साइबर अपराध जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हावड़ा के आंदुल क्षेत्र में आयोजित किया गया, जहां साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों और उनके समाधान पर चर्चा की गई। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सुरिंदर सिंह, आईपीएस, डीसीपी-साउथ डिवीजन और प्रिया पाल, सांकराईल विधायक समेत कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। इनके अलावा, उच्चपदस्थ पुलिस अधिकारी, सांकराईल थाने के प्रभारी अधिकारी और साइबर क्राइम थाने के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में लोगों को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों जैसे फर्जी कॉल, असुरक्षित लिंक और डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए गए। विशेषज्ञों ने सलाह दी कि किसी भी फर्जी कॉल या संदिग्ध लिंक से दूर रहें। यदि आप किसी भी साइबर अपराध के शिकार होते हैं, तो तुरंत अपने निकटतम थाने या हावड़ा सिटी पुलिस के साइबर क्राइम थाने से संपर्क करें।

## टालीगंज में बहुमंजिला इमारत में लगी आग

**कोलकाता, समाज्ञा :** टालीगंज में बहुमंजिला इमारत में आग लगने की घटना सामने आई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शनिवार सुबह टालीगंज के लेक एवेन्यू स्थित एक बहुमंजिला इमारत की पांचवीं मंजिल पर अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। खबर मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है, लेकिन प्राथमिक जांच में इसे शॉर्ट सर्किट का मामला माना जा रहा है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि पांचवीं मंजिल के संबंधित फ्लैट में घटना के समय कोई मौजूद नहीं था, इसलिए किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि, आग की चपेट में आकर फ्लैट के सभी फर्नीचर और सामान पूरी तरह जल गए।

# बंगाल पुलिस ने अंतरराज्यीय फर्जी नौकरी रैकेट का किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



**आसनसोल :** राज्य पुलिस ने एक बड़े अंतर्राज्यीय फर्जी रेलवे नौकरी रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह का मुख्य केंद्र आसनसोल के औद्योगिक और कोयला क्षेत्र में है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जो मूल रूप से आसनसोल के निवासी हैं। इन दोनों को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से गिरफ्तार कर शनिवार को ट्रांजिट रिमांड पर आसनसोल लाया गया। अभियुक्तों के नाम दिनेश कुमार और प्रीति अरोड़ा उर्फ सीमा है। दिनेश कुमार आसनसोल के दुर्गा कॉलोनी का निवासी हैं, जबकि सीमा का घर आसनसोल के सुकांत पल्ली इलाके में है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ये दोनों लखनऊ में पति-पत्नी बनकर रह रहे थे। बताया गया है कि इस फर्जीवाड़े की जांच नवंबर में तब शुरू हुई, जब पड़ोसी राज्य के एक युवक ने शिकायत की कि उससे रेलवे नौकरी के वादे पर लाखों रुपये ठगे गए। इसके बाद, गत 30 नवंबर को पुलिस ने इस गिरोह के एक अन्य सदस्य हरिंदर सिंह को गिरफ्तार किया, जो बिहार का मूल निवासी है। हरिंदर सिंह के घर से पुलिस ने फर्जी नियुक्ति पत्र समेत कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि इस रैकेट के पीछे दिनेश कुमार और सीमा का मुख्य हाथ है। हरिंदर की जानकारी के आधार पर पुलिस ने आसनसोल से एक और व्यक्ति अवधेश कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अवधेश ने बताया कि दिनेश कुमार और सीमा इस गिरोह के मास्टरमाइंड हैं। इसके बाद, पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू की और जानकारी मिली कि वे लखनऊ में छिपे हुए हैं। बंगाल पुलिस की टीम ने लखनऊ पहुंचकर दोनों को हिरासत में लिया और आसनसोल ले आई। फिलहाल, दोनों पुलिस हिरासत में हैं और उनसे पूछताछ जारी है ताकि इस रैकेट के अन्य सदस्यों की जानकारी जुटाई जा सके।

## बांग्लादेशी दंपति अवैध रूप से भारत में घुसे, बगदा में गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में अवैध तरीके से घुसे एक बांग्लादेशी दंपति को बगदा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए दंपति की पहचान दुलाल शेख और पारुल बेगम के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश के बागरहाट जिले के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि यह दंपति चोर रास्ते से भारत में आया और अन्य राज्यों में काम करता था। शुक्रवार रात, जब वे बगदा के ईकोला बाजार क्षेत्र में सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे, तब उन्हें गिरफ्तार किया गया। स्थानीय निवासियों ने उन्हें संदिग्ध रूप से खड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। पूछताछ में यह पता चला कि वे दलालों की मदद से चोर रास्ते से भारत आए थे। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि उनका संबंध किसी अन्य गिरोह से तो नहीं है।

# फ्लैट में मिला पुलिस कर्मी की पत्नी का लटकता हुआ शव

**एक बच्चे की भी मौत, दूसरा इलाजरत**



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के शिवपुर के व्याताईतला इलाके में स्थित एक बहुमंजिली इमारत के एक फ्लैट में शुक्रवार की रात एक पुलिस अधिकारी की पत्नी का फंदे से लटकता हुआ शव बरामद किया गया। वहीं, पुलिस अधिकारी के दो नाबालिग बेटे पास के कमरे में बिस्तर पर अचेत पाए गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतका की पहचान रूबी झां (27) के रूप में की गई है। उसके 11 साल के बड़े बेटे चिराग की भी मौत हो गई, जबकि उनके चार साल के बच्चे का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मृतका के पति प्रदीप झां पुलिस अधिकारी हैं। वह हावड़ा सिटी पुलिस में कार्यरत हैं। मिली जानकारी के अनुसार, गत शुक्रवार की शाम जब वह अपने घर पहुंचे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक आवाज देने के बाद भी किसी ने दरवाजा नहीं खोला तो इमारत के अन्य निवासी इकट्ठा हो गए। अनहोनी को भांपते हुए थाने में सूचना दी गयी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो रूबी को एक कमरे में पंखे से लटका हुआ पाया। बगल वाले कमरे में दो लड़के बिस्तर पर अचेत लेटे हुए थे। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। शुरुआती जांच के मुताबिक महिला ने अपने दो बच्चों को मारने की कोशिश की और खुद आत्महत्या कर ली। हालांकि, पुलिस इस घटना के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस ने असामान्य मौत का मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। हावड़ा सिटी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रूबी के बड़े बेटे की मौत हो गयी है। छोटे लड़के का इलाज चल रहा है।

## हिडको की जमीन बेचने के नाम पर फर्जीवाड़ा, एक महिला गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यू टाउन में हिडको की जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। विधाननगर पुलिस की विशेष शाखा ने जयश्री बनर्जी विश्वास नाम की महिला को दमदम इलाके से हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक, जयश्री फर्जी जमीन दिखाकर कई लोगों से पैसे लेती थी औ इस धोखाधड़ी का एक पूरा गिरोह चलाती थी। इस मामले में पहले भी दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में पुलिस को गिरोह की मास्टरमाइंड जयश्री के बारे में जानकारी मिली। जांच में पता चला कि यह गिरोह हिडको की सरकारी जमीन के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी कर चुका है। अभियुक्त को बारासात कोर्ट में पेश किया गया, जहां पुलिस ने उसे अपनी हिरासत में लेने की मांग की है।

**पत्नी के छोड़ने से आहत युवक ने की आत्महत्या की कोशिश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पत्नी के अचानक घर छोड़कर चले जाने से आहत एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। घटना उत्तर पाटीखाली इलाके की है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अयूब मिद्या नामक युवक की शादी पांच साल पहले उत्तर होमरा गांव की रहने वाली रेहाना से हुई थी। हालांकि, पारिवारिक कलह के बाद रेहाना घर छोड़कर चली गई। पत्नी के लापता होने से मानसिक रूप से टूट चुके अयूब ने जहर खा लिया। खबर मिलते ही ससुराल वालों ने उसे गंभीर हालत में कांचरापाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल युवक का इलाज चल रहा है और उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

## बीरभूम में कछुए का मांस खाकर व्यक्ति की मौत, अस्पताल में भर्ती परिवार के छह सदस्य

**बीरभूम :** बीरभूम जिले के कांकरतला थाना इलाके में कछुए का मांस और खिचड़ी खाने से एक शख्स की मौत हो गई है जबकि एक ही परिवार के छह सदस्यों को तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस बात की जांच की जा रही है कि इस मांस को खाने से कोई और बीमार हुआ या नहीं। मृतक का नाम स्वाधीन बागदी (48) था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उनकी मौत फूड पॉइजनिंग समेत कई शारीरिक समस्याओं के कारण हुई। मृतक की पत्नी मटरा बागदी और रिश्तेदार भुवन बागदी और पटा बागदी दुबराजपुर अस्पताल में भर्ती हैं। इसके अलावा तीन अन्य लोग स्थानीय अस्पताल में भर्ती हैं। उल्लेखनीय है कि एक ही परिवार लोगों को दो दिन पहले कछुए का मांस और खिचड़ी खाने के बाद उल्टी और दस्त होने लगा। इसके बाद उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से स्वाधीन और मटरा बागदी की हालत बिगड़ने पर उन्हें सिउड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां स्वाधीन बाबू की शारीरिक स्थिति बिगड़ने पर उन्हें शुक्रवार रात बर्दवान मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां शनिवार सुबह उनकी मौत हो गई। ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी सब्यसाची राय ने बताया कि मौत का कारण सिर्फ फूड पॉइजनिंग नहीं बल्कि अन्य शारीरिक समस्याएं भी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बाकी तीन की हालत अब स्थिर है। उन्हें अस्पताल से छोड़ दिया जाएगा। बाकी का इलाज दुबराजपुर अस्पताल में चल रहा है। हर कोई सुरक्षित है। सब्यसाची बाबू ने कहा कि यह देखा जा रहा है कि गांव में और कोई बीमार तो नहीं है।

# मालदह में बरामद जली हुई महिला के शव की पहचान, गिरफ्तार आरोपित



**मालदह :** जिले के चांचल इलाके में एक आम बागान से जली हुई महिला के शव बरामद की पहचान हो गई है। पुलिस ने घटनास्थल से रक्तरंजित चाकू, नाक की नथ और हार बरामद किया था। इसके अलावा, पास के जलाशय से एक बैग भी मिला, जिसमें आधार और वोटर कार्ड थे। इन दस्तावेजों के आधार पर मृतका की पहचान हुई और परिवार को सूचित किया गया। परिवार ने चांचल थाने में संपर्क किया और बताया कि मृतका उनके परिवार की बेटी है। उसकी शादी दस साल पहले उत्तर दिनाजपुर जिले के कालियागंज थाना क्षेत्र में हुई थी। उसके दो बच्चे भी हैं। हालांकि, कुछ साल पहले उसका पति से तलाक हो गया था। पुलिस ने शनिवार इस हत्या के मामले में एक आरोपित अबू ताहिर को पूर्व बर्दवान जिले के काटवा स्टेशन से गिरफ्तार किया है। पुलिस को संदेह है कि आरोपित का मृतका के साथ करीबी संबंध था। शुरुआती जांच में पता चला है कि किसी विवाद के कारण यह हत्या की गई हो सकती है। जिला पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार यादव ने शनिवार को बताया कि घटना से पहले गुरुवार को समसी रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज में आरोपित के साथ एक महिला दिखी थी। बाद में आरोपित स्टेशन से अकेला निकल गया और महिला दिखाई नहीं दी। पुलिस का मानना है कि उसी रात चांचल निवासी इस महिला की हत्या की गई। महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इसके साथ ही डीएनए और फॉरेंसिक जांच की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पुलिस मृतका के परिवार से पूछताछ कर रही है, लेकिन उन्होंने आरोपित के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर हत्या के पीछे की वजह जानने की कोशिश कर रही है। साथ ही, यह पता लगाने की कोशिश हो रही है कि घटना में और कौन-कौन शामिल हैं।



कोलकाता के दक्षिणेश्वर इलाके में स्थित महामिलन मठ में शनिवार को साधु सम्मेलन को संबोधित करते महानिर्वाणी पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती महाराज।

# चांपदानी में चक्षु परीक्षण शिविर का आयोजन



**हुगली, समाज्ञा :** भद्रेश्वर थाना अंतर्गत चांपदानी के वार्ड एक में स्थित आदित्य भवन जी टी रोड में एक नंबर वार्ड तृणमूल कांग्रेस कमेटी व शंकर नेत्रालय के तत्वावधान में एक चक्षु परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर वार्ड एक के पूर्व पार्षद राजेश सिंह ने डॉक्टरों से नेत्रदान संबंधी जानकारी भी लीतथा लोगों को नेत्र दान महादान के बारे में जागरूक किया। मौके पर अजय सिंह, आशीष सिंह, सुनील भगत, मनोज राय, ऋतिक सिंह, नीतीश दास, धर्मवीर राय, प्रेम प्रसाद, चंदन साव, इमरान अली सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पढ़ाई न करने के कारण मां ने डांटा, माध्यमिक छात्रा ने की आत्महत्या



**पूर्व बर्दवान :** पढ़ाई में ध्यान नहीं देने के कारण मां की डांट से परेशान एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। यह घटना पूर्व बर्दवान के मेमारी इलाके की है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक छात्रा कक्षा दसवीं की छात्रा थी और आने वाली माध्यमिक परीक्षा को लेकर काफी तनाव में थी। परिवार के लोगों ने बताया कि वह पढ़ाई में बिल्कुल भी ध्यान नहीं देती थी, जिसके कारण मां उसे अक्सर डांटती रहती थी। शनिवार सुबह, वह देर से उठी थी और इसके बाद मां ने उसे फिर से डांट दिया। इसके बाद, छात्रा घर में अकेली थी, जबकि मां बाजार गई हुई थी। जब मां वापस घर लौटी, तो उसने देखा कि घर का दरवाजा बंद था और बेटी से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही थी। कई बार आवाज देने के बावजूद जब कोई जवाब नहीं मिला, तो उसने पति को खबर दी। दरवाजा तोड़ा गया, और अंदर देखा गया कि छात्रा ने अपने गले में ओढ़ने वाली चादर से फांसी लगा ली थी। उसे मेमारी ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, एक दूसरी घटना में न्यू बैरकपुर में एक नवम श्रेणी की छात्रा ने मां के साथ झगड़े के बाद आत्महत्या कर ली। घटना एसएन बैनर्जी रोड इलाके की है, जहां 14 वर्षीय पारस्मिता मजूमदार ने अपने फ्लैट की छत से कूदकर अपनी जान ले ली।

## आईसी के बदलते ही एक्शन? टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या के आरोप में बीजेपी के दो कार्यकर्ता गिरफ्तार

**पश्चिम मेदिनीपुर :** नंदीग्राम में सहकारी चुनाव में बड़ी जीत के एक सप्ताह के अंदर ही दो तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हत्या के आरोप सामने आए हैं। इस मामले में अब भाजपा के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उन्हें ओडिशा से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम चंदन दास और राजकुमार मंडल हैं। हाल ही में नंदीग्राम में श्रीकांत मंडल उर्फ विष्णुपद मंडल की हत्या का आरोप सामने आया था। आरोप है कि घर में घुसकर धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी गई। इस घटना के एक सप्ताह बाद महादेव श्रीसाई (बिल्ला) नाम के एक और टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या की घटना हुई। दोनों हत्याओं में भाजपा का नाम सामने आया है। इन दोनों हत्याओं के बाद पहली बार किसी को गिरफ्तार किया गया है। विष्णुपद मंडल की हत्या में चंदन दास को गिरफ्तार किया गया है, जबकि श्रीसाई की हत्या के मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार, चंदन दास नंदीग्राम के कालिचरणपुर गांव का निवासी है, जबकि राजकुमार 7 नंबर जलपाई गांव का रहने वाला है। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि चंदन दास को ओडिशा से गिरफ्तार किया गया है। वहीं, तृणमूल कार्यकर्ताओं की हत्याओं के बीच हाल ही में नंदीग्राम थाने के आईसी अनुपम मंडल को हटा दिया गया है। वर्तमान में थाना प्रभारी की जिम्मेदारी डीएसपी तुहिन विश्वास को दी गई है। तृणमूल का आरोप है कि अनुपम मंडल का भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी से गहरा संबंध था। तुहिन विश्वास के जिम्मेदारी संभालने के बाद ही भाजपा के दो कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी हुई है।

## कुलपी बस स्टैंड इलाके में आग में दुकान जलकर खाक

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कुलपी बस स्टैंड इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 117 के किनारे शनिवार के तड़के लगी आग में एक दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। दमकल की चार गाड़ियों की कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, तड़के करीब 3.45 बजे कुलपी बस स्टैंड के पास एक दर्जी की दुकान में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले आग को देखा और कुलपी थाने की पुलिस को फोन किया। मौके पर कुलपी थाने की पुलिस आयी आग बुझाने के लिए डायमंड हार्बर अग्निशमन विभाग से दो और काकद्वीप अग्निशमन विभाग से दो इंजन भी पहुंचे। दमकल विभाग के मुताबिक, आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। मूल रूप से, दुकान में बहुत सारी ज्वलनशील वस्तुएं थीं जिससे देखते ही देखते आग फैल गई।

# कुलधरा, जैसलमेर, राजस्थान

## हमारी अंजानी धरोहर-57



डॉ. एस. के. सैनी

यों तो राजस्थान मे कुओं और बावड़ियों की कोई कमी नहीं है। पर पश्चिमी मरुस्थल इसका अपवाद है जहाँ पानी की भयंकर कमी है। थार मरुस्थल मे जैसलमेर जिले में जैसलमेर मुख्यालय से 18 किलोमीटर दूर एक अजीबोगरीब गांव है कुलधरा। इस गांव की स्थापना 13वीं शताब्दी में हुई थी। इस गांव में पहुंचने पर आपको एक विशाल द्वारा के अंदर ऐसे गांव के दर्शन होंगे जहां पर घरों के नाम पर खंडहर हैं,मंदिर है जिसमें पूजा नहीं होती। कहते हैं इस गांव के लोग रातों रात पूरा गांव खाली करके दूसरी जगह विस्थापित हो गए थे। किन परिस्थितियों में उनको यह गांव खाली करना पड़ा,यह भी एक बड़ी कहानी थी। जाते-जाते पालीवाल ब्राह्मण लोग के परिवार श्राप दे गए कि इस गांव में कोई भी नहीं बस पाएगा।

कुलधरा की तरह इस क्षेत्र में आसपास कल 18 गांव थे। इन 18 गावों का एक जागीरदार हुआ करता था जो बहुत ही क्रूर शासक था। कुलधरा में एक परिवार में अति सुंदरी कन्या विवाह योग्य थी। जमींदार को अपने क़ारिंदो के माध्यम से सूचना मिली कि कुलधरा गांव की सुंदरी कन्या विवाह योग्य है। पालीवाल ब्राह्मण परिवार को जिसकी वह कन्या थी, जमींदार ने सूचना भिजवाई कि वह उस सुंदरी कन्या से विवाह करना चाहता है। पालीवाल ब्राह्मणों ने पंचायत बुलाई। सबने एक स्वर में विरोध किया कि वे राजपूत से ब्राह्मण परिवार का कोई रिश्ता नहीं होने देंगे। उसके बाद जमींदार का कुलधरा गांव के लोगों पर अत्याचार बढ़ता गया त्रस्त होकर के पूरे गांव में फिर एक गोपनीय बैठक की। यह



तय किया गया की जमीदार के हाथ बेइज्जत होने से अच्छा है की पूरा गांव यह जगह छोड़कर के चला जाए। कहां बसा जाए कोई निर्णय नहीं हुआ। बस यहां से चल देना है। किसी के लिए भी बसा बसाया घर छोड़ना आसान नहीं होता। बहुत गहरी चोट थी। शरीर पर भी और मन पर भी। किंतु इसके अलावा कोई चारा नहीं था। बैल गाड़ियां और ऊंट गाड़ियां तैयार की गई। रातों-रात पूरा कुलधरा गांव, अपना सामान और बच्चे बूढ़े जवान आदमी और औरतें सब निकल पड़े। गांव के बड़े बूढ़ों ने श्राप दिया। हे देवी रानी हम दुखी होकर के यहां से जा रहे हैं। आज के बाद इस गांव में कोई नहीं बस पाएगा। तू भी हमारी रक्षा नहीं कर पाई। तेरी भी पूजा आज के बाद इस गांव में नहीं होगी। पालीवाल ब्राह्मण बेहद तीव्र बुद्धि और मेहनती ब्राह्मण थे। वे पूरे राजस्थान में फैल गए और अपनीजीविका उपार्जन करने लगे। भूल गए वह अपनी मातृभूमि. उनमें से कोई परिवार भूल से भी वापस कुलधरा देखने भी नहीं आया। यह बात है 19वीं शताब्दी की। आज वीरान कुलधारा गांव पर्यटन का भुतहा आकर्षण केंद्र बना हुआ है। दिन में लोग यहां घूमने के लिए आते हैं। वे लोग खंडहर मकानों मे अंदर जाते है,उनके अंदर जाते ही गर्मी मे भी ठंडक का अहसास होता है। रात में भूल से भी इधर कोई नहीं फटकता। दिन में घूमने वाले पर्यटक भी कभी-कभी एहसास करते हैं कि गांव में बाजार लग रहा है,लोगों की चहल-पहल की आवाजे सुनाई देती हैं। कभी लगता है उनके पीछे-पीछे कोई चल रहा है। अजीब अजीब अनुभव यहाँ लोगो को होते हैं। सन 2010 मे राजस्थान सरकार ने इसे पर्यटक स्थल के रूप मे विकसित करने का निर्णय लिया।

# दादी का नया साल



डॉ.मंजरी शुक्ला

दादी शाम से बालकनी में बैठी हुई थी। जबसे उनका एक्सीडेंट हुआ था तबसे कुछ दूर चलने में ही उनके पैरों में बहुत दर्द होने लगता था इसलिए वह नए साल के आखरी दिन भी अकेले बैठी डूबता हुए सूरज को देख रही थी। इलाज के कारण उन्हें से शहर बहुत मज़बूरी में आना पड़ा था पर यहाँ ना तो गाँव की तरह लोग घर में आते जाते थे और ना ही कोई आकर सुख दुःख बाँटते थेख लाल सूरज देखकर उन्हें गाँव के गर्मागर्म गुड़ की याद आ गई। ना जाने क्यों अचानक ही उनकी आँखें भर आईं। आकाश की लालिमा धुंधली होकर दादी की आँखों में उतर आई।

तभी मनु दौड़ता हुआ दादी के पास पहुँचा और बोला- दादी, कहानी सुना दो।

दादी जैसे नींद से जाएगी और उन्होंने प्यार से मनु को बाँहों में भर लिया।

आप रो रही हो? मनु ने पूछा

नहीं तो कहते हुए दादी ने आँखें पोंछ ली।

दादाजी क्यों नहीं आए यहाँ पर?

उन्हें भी तो चोट लग गई थी ना इसलिए वह ट्रैन या बस में अकेले नहीं आ सकते हैं। दादी ने रुलाई रोकते हुए कहा

पहली बार ऐसा हो रहा है कि नए साल पर तेरे दादाजी अकेले बैठे होंगे। कहते हुए दादी का गला भर्रा गया

आप मुझे पूड़ी और आम का अचार दे दो और फ़िर से वो एकलव्य वाली कहानी सुना दो।

दादी हँस दी और बोली-कितनी बार सुनेगा वही कहानी?

मुझे दादाजी, धनुष और बाण लेकर एकलव्य की कहानी सुनाते थे और मुझे बहुत मज़ा आता था। इसलिए जब भी दादाजी की याद आती है तो मैं वही कहानी सुनता हूँ।

दादी ने मुस्कुराते हुए मनु के सिर पर हाथ फेरा और उसे खाना देने के लिए उठ गईं।

मनु पीछे पीछे अपना धनुष बाण लेकर पहुँच गया और बोला-खाने खाने के बाद आप कहानी सुनाओगी ना?

हाँ, सुना दूँगी।

दादी ने सोचा कि मनु स्कूल के आने के बाद दिन भर अकेला रहता है। इतना छोटा सा बच्चा सारा दिन कैसे काटता होगा।

तभी मनु बोला-पापा-मम्मी रात में केक लेकर आएँगे।

अरे वाह, तब तो मनु की पार्टी मन जायगी। दादी ने मुस्कुराते हुए कहा

हाँ, हम सब लोग इकठ्ठा होकर नए साल की पार्टी मनाएँगे। मनु ख़ुशी से चहकते हुए बोला

पर तेरे दादाजी गाँव में अकेले बैठे होंगे। ना चाहते हुए भी दादी का गला भर्रा गया

अरे दादी, जब आप ठीक हो जाओगी तो हम सब चलेंगे ना दादाजी के पास। मनु ने दादी का हाथ पकड़ते हुए कहा

बात बदलते हुए दादी बोली-अच्छा चलो, अब कहानी सुनते हैं।

मनु ने फटाफट पूड़ी का आख़िरी कौर आम के अचार में लगाया और झट से हाथ धोकर दादी के कमरे में पहुँच गया।

कहानी आधी भी नहीं हुई थी कि दरवाज़े की घंटी बजी।

लगता है पापा आ गए। मनु ख़ुशी से चीखा

दादी हँसते हुए बोली-जा, रोज़ की तरह दौड़ जा, दरवाज़ा खोलने के लिए।

नहीं दादी, आप ही खोल दो। मनु लेटे हुए ही बोला

तू उनका बेटा है। जल्दी से जाकर दरवाज़ा खोल दे। दादी ने प्यार से कहा

आप भी तो उनकी मम्मी हैं। जाइये, जल्दी से जाकर दरवाज़ा खोल दीजिये।

दादी बोली-मैं तुझे चॉकलेट दूंगी।

मैं नहीं खाऊंगा। मेरे दाँत खराब हो जाएँगे।

अच्छा, मैं आइसक्रीम दूँगी।

नहीं खानी, मुझे सर्दी हो जायेगी।

तब तक दरवाज़े की घंटी दुबारा बजी।

हारकर दादी को ही उठना पड़ा। उन्होंने अपनी छड़ी संभाली और दरवाज़ा खोलने चल दीं।

दरवाज़ा खोलते ही दादी सन्न रह गईं।

सामने दादाजी मुस्कुराते हुए खड़े हुए थे।

दादी की आँखों से आँसू बह निकले।

तब तक मनु ख़ुशी से उछलता हुआ आया-मम्मी पापा कोई ऑफिस थोड़े ही ना गए थे। मैंने ही तो उन्हें गाँव से दादाजी को लाने के लिए भेजा था।

पता नहीं अचानक क्या हुआ कि दादी ने मनु को गले से लगा लिया और फूट फूटकर रो पड़ी।

मनु समझ ही नहीं पा रहा था कि दादी क्यों रो रही हैं।

उधर दरवाज़े पर खड़े हुए दादाजी रुमाल से अपने आँसू पोंछ रहे थे।

हम सब क्या रोते हुए नया साल मनाएँगे? मनु ने धीरे से पूछा

मनु के मम्मी पापा के साथ साथ दादाजी भी जोरों से हँस पड़े और दादी की हँसी की आवाज़ तो सारे घर में गूँज रही थी।





वर्ष 2025 के आगमन के साथ ही लोगों ने कई सारी योजनाएं बनाना शुरू कर दिया होगा। 2025 में करियर की उन्नति और स्वास्थ्य व परिवार के लिए सकारात्मक बदलाव की पहल की योजना बनाई जाने लगी होगी। वहीं नए साल के लिए लोग अपने दोस्तों व परिवार के साथ घूमने की योजना भी बना रहे होंगे।

2024 में अगर छुट्टियों या किन्हीं अन्य कारणों से सफर की योजनाएं टल गई हैं तो उसे नए साल यानी 2025 में पूरा कर लें। हालांकि इसके लिए आपको ये पता होना चाहिए कि साल 2025 में कब और कितनी छुट्टियों मिल रही हैं ताकि इन छुट्टियों पर घूमने का मौका मिल सके। छुट्टियों के अलावा लोग लॉन्ग वीकेंड पर भी सफर की योजना बना सकते हैं। इसलिए सरकारी/राजपत्रित छुट्टियों के साथ ही लॉन्ग वीकेंड की लिस्ट भी देख लें।

बैंक अवकाश दो श्रेणियों में बांटे जाते हैं। राष्ट्रीय अवकाश जिसे राजपत्रित छुट्टियां कहते हैं जो कि पूरे देश के बैंकों में मान्य होती हैं। वहीं सरकारी यानी प्रतिबंधित अवकाश जो कि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा घोषित की जाती है। राज्य सरकार की छुट्टियां राज्य विशेष पर निर्भर करती हैं हालांकि केंद्र सरकार के अवकाश पूरे देश में लागू होते हैं। इस लेख में 2025 के बैंक हॉलिडे की लिस्ट दी जा रही है, साथ ही इस साल के लॉन्ग वीकेंड भी बताए जा रहे हैं।

### साल 2025 में कुल कितनी छुट्टियां

भारत में वर्ष 2025 में 17 राजपत्रित अवकाश (Gazetted Holidays) मिल रहे हैं। वहीं 34 प्रतिबंधित अवकाश (Restricted Holidays) दिए जाएंगे। इस साल कुल 52 रविवार हैं । साथ ही दूसरे और चौथे शनिवार के रूप में 26 शनिवार की छुट्टियां मिलेंगी। एक सामान्य सरकारी कर्मचारी को 2025 में लगभग 98-100 छुट्टियां मिलेंगी (राजपत्रित, रविवार, और शनिवार मिलाकर)। बैंक कर्मियों को यह संख्या बढ़कर 105-110 तक हो सकती है।

### यूपी-बिहार में 2025 की छुट्टियों का कैलेंडर जारी

उत्तर प्रदेश द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार, अगले वर्ष यानी साल 2025 में 24 सार्वजनिक अवकाश और 31 प्रतिबंधित अवकाश हैं। वहीं बिहार के शैक्षणिक अवकाश कैलेंडर 2025 के मुताबिक, अगले वर्ष 72 छुट्टियां हैं। बिहार में छुट्टियों में स्कूल बंद रहेंगे।

### जनवरी से दिसंबर तक सबसे अधिक छुट्टी कब?

कुछ 17 राजपत्रित और 34 रिस्ट्रिक्टेड हॉलिडे अलग-अलग महीनों में मिल रहे हैं। इसमें सबसे अधिक अवकाश जनवरी, अप्रैल, अगस्त और अक्टूबर में मिल रही हैं।

जनवरी में गुरु गोबिंद सिंह जयंती, मकर संक्रांति, लोहड़ी, व पोंगल, गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। वहीं अप्रैल में नए वित्त वर्ष की शुरुआत, महावीर जयंती और गुड फ्राइडे हैं। अगस्त में रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी है। अक्तूबर माह में गांधी जयंती से छुट्टियों की शुरुआत हो रही है। इस महीने दशहरा, दीपावली और छठ पर अवकाश मिलेंगे।

### साल 2025 में कितने लॉन्ग वीकेंड

जनवरी में सफर पर जाने के लिए आपको चार दिन मिल रहे हैं। 11 और 12 जनवरी शनिवार व रविवार की छुट्टी है। 13 जनवरी को अवकाश ले लिया जाए तो 14 को मकर संक्रांति की छुट्टी मिल जाएगी। ऐसे में आप 11 से 14 जनवरी तक सफर कर सकते हैं।

फरवरी में लॉन्ग वीकेंड तो नहीं लेकिन अगर आपको दफ्तर से दो दिन की छुट्टी मिल जाए तो पांच दिन की लंबी यात्रा के लिए अच्छा अवसर मिल जाएगा। 22 और 23 फरवरी को वीकेंड है। 24-25 फरवरी को छुट्टी के लिए आवेदन कर दें। वहीं 26 को महाशिवरात्रि का अवकाश रहेगा। इस तरह से 22 से 26 फरवरी तक आप घूम सकते हैं।

मार्च में 14 को होली है और 15 व 16 फरवरी को शनिवार व रविवार अवकाश है। तीन दिन के लिए आपको वीकेंड ट्रिप पर जाने का अवसर मिल सकता है। इसके साथ ही 29 और 30 मार्च को वीकेंड और 31 मार्च को ईद-उल-फितर के अवकाश को मिलाकर तीन दिन की छुट्टी मिल जाएगी।

अप्रैल में आपको दो वीकेंड मिल रहे हैं। 12,13,14 अप्रैल को घूमने के लिए बेहतर अवसर मिल सकता है। 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे और 19-20 अप्रैल को वीकेंड मिलाकर अवकाश पर जा सकते हैं।

अगस्त में स्वतंत्रता दिवस है। 15 अगस्त में स्वतंत्रता दिवस की छुट्टी के बाद 16 और 17 अगस्त को शनिवार व रविवार की छुट्टी मिल जाएगी।

सितंबर में 5 तारीख को ईद ए मिलाद की छुट्टी अगर मिल रही है तो सफर की योजना बना सकते हैं क्योंकि 6 और 7 सितंबर को शनिवार और रविवार की छुट्टी रहेगी।

अक्तूबर में 2 अक्तूबर को गांधी जयंती की छुट्टी रहती है। 3 को अवकाश लेकर 4 और 5 वीकेंड को अपने सफर को लिए अपनाएं और 2 अक्तूबर से 5 अक्तूबर तक चार दिन की छुट्टी का लुत्फ उठाएं। इसके अलावा इस महीने में सबसे लंबा लॉन्ग वीकेंड दिवाली पर मिल रहा है। दिवाली 20 अक्तूबर को है। उसके पहले 18 और 19 अक्तूबर को शनिवार और रविवार है। वहीं दिवाली के बाद 22 अक्तूबर को गोवर्धन पूजा है। इस दिन भी छुट्टी रहती है। 21 तारीख को अवकाश लेना होगा। 18 से 22 अक्तूबर तक छुट्टी का आनंद उठाएं।

दिसंबर महीने में भी चार दिन की वीकेंड ट्रिप प्लान कर सकते हैं। 25 दिसंबर क्रिसमस है। 26 को छुट्टी लेकर 27 और 28 को वीकेंड है।

# सर्दियों में मोजे धोने का सही तरीका जान लें, वरना हो जाएंगे खराब



सर्दी के मौसम में तापमान कम हो जाता है, जिससे ठंड महसूस होती है। शरीर को गर्म रखने के लिए सर्दियों में लोग ऊनी कपड़े पहनते हैं। ऊनी कपड़े शरीर को गर्म रखने में मदद करते हैं, साथ ही सर्द हवाओं से बचाते हैं। हालांकि ऊनी कपड़ों का रखरखाव मुश्किल होता है। इसमें रोए आने या ऊन के खिंचने की संभावना बनी रहती है। रंग भी उतर सकता है। ऐसे में ऊनी कपड़े, जिसमें स्वेटर, कार्डिगन, जैकेट या कोट शामिल है, उसे धुलते समय लोग कुछ विशेष बातों का ध्यान रखते हैं। ऐसे कपड़ों को अक्सर लोग बाजार से ड्राई क्लीन करवाते हैं। हालांकि सर्दियों में ऊनी मोजे भी काफी काम आते हैं। लेकिन कपड़ों की तुलना में मोजे जल्दी खराब हो जाते हैं।

मोजे को सही तरीके से न धुलने के कारण आपके नए और एक या दो बार पहने मोजे पहनने योग्य नहीं रह जाते हैं। मोजे में रोए आ सकते हैं। मोजे का रंग उतर सकता है। मोजे की इलास्टिक खराब हो सकती है यानी वह ढीले हो जाते हैं। ऐसे में सर्दियों में मोजे धोते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखें ताकि आपके महंगे ऊनी मोजे अगले सीजन में भी काम आ सकें।

**पानी का सही तापमान**

ऊनी कपड़े धोने हों या मोजे, हमेशा पानी के सही तापमान का ही उपयोग करें। ऊनी मोजे धोने के लिए ठंडे या गुनगुने पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। गर्म पानी से ऊन के रेशे टूट सकते हैं और उनका आकार भी खराब हो सकता है।

**सही डिटर्जेंट**

कपड़ों के खराब होने का एक कारण कपड़ों के अनुरूप डिटर्जेंट का उपयोग न करना है। मोजे हल्के और ऊनी होते हैं। मोजे धोने के लिए इसके फैब्रिक के अनुकूल आने वाले डिटर्जेंट का उपयोग करें। कठोर डिटर्जेंट मोजे के फैब्रिक या ऊन को खराब कर सकते हैं। इस लिए हल्के डिटर्जेंट पाउडर या लिक्विड का उपयोग करें

**ज्यादा रगड़े नहीं**

मोजे काफी खिंचाव वाले होते हैं। उन्हें धोते समय ज्यादा रगड़े नहीं बल्कि हल्के हाथों से धोएं। रगड़ने से ऊन के रेशे को नुकसान पहुंच सकता है और उनकी इलास्टिक खराब होने लगती है

**धोना और सुखाना**

मशीन में ऊनी मोजे न धोएं, इससे रोएं आने की संभावना रहती है। अगर वाशिंग मशीन में मोजे धो रहे हैं तो जेंटल साइकिल का इस्तेमाल करें। ऊनी मोजे को धूप में न सुखाएं। इससे उन का रंग खराब हो सकता है।

# आपकी ये तीन आदतें आंखों को पहुंचा रही हैं गंभीर नुकसान

आंखें हमारे शरीर का अनमोल हिस्सा हैं। यह दुनिया को देखने, समझने और अनुभव करने में मदद करती हैं। इन्हें स्वस्थ रखने के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहने की आवश्यकता होती है। हालांकि भागदौड़ भरी जिंदगी और खराब आदतों के कारण हम अक्सर अपनी आंखों का ख्याल रखना भूल जाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण पूरे शरीर के साथ आंखों की सेहत पर भी असर हो सकता है।

हमारी आंखें दुनिया को देखने का माध्यम हैं, लेकिन कुछ आदतें इन्हें धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा सकती हैं। लगातार डिजिटल स्क्रीन का इस्तेमाल, गलत खानपान, और आराम की कमी जैसी आदतें आंखों के लिए गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती हैं। अगर समय रहते इन आदतों को बदला न जाए, तो यह न केवल आपकी दृष्टि को प्रभावित कर सकती हैं, बल्कि आंखों की सेहत पर भी गहरा असर डाल सकती हैं।

आइए जानते हैं कि किन कारणों से आंखों को नुकसान हो सकता है और इससे बचाव के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं?

### आंखों की समस्याएं

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारी आंखें बहुत नाजुक और संवेदनशील होती हैं। यही कारण है कि इनकी देखभाल हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कुछ आदतों को सुधारकर आप अपनी आंखों को सुरक्षित और स्वस्थ रख सकते हैं। अगर आपको आंखों में कोई परेशानी महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

आजकल बच्चों में भी कम दिखाई देने और आंखों से संबंधित कई तरह की बीमारियों का खतरा देखा जा रहा है जो उनकी क्वालिटी ऑफ लाइफ को प्रभावित करता है। इसके अलावा उम्र बढ़ने के साथ आंखों की समस्याओं का जोखिम बढ़ ही जाता है जिसको लेकर सभी को सावधानी बरतनी चाहिए।

आइए जानते हैं कि किन आदतों में सुधार करना आपके लिए बहुत जरूरी है?

### लंबे समय तक डिजिटल स्क्रीन का इस्तेमाल नुकसानदायक

आजकल ज्यादातर लोग दिनभर कंप्यूटर, मोबाइल, या टीवी स्क्रीन के सामने समय बिताते हैं। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखें थकान महसूस करती हैं, जलन-खुजली हो सकती है इसे डिजिटल आई स्ट्रेन कहा जाता है। स्क्रीन पर अधिक समय बिताने से डिजिटल आई स्ट्रेन, ड्राई आई सिंड्रोम और धुंधला दिखने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

आंखों को स्वस्थ रखने के लिए 20-20-20 नियम अपनाएं - हर 20 मिनट बाद 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर देखें।

### संतुलित आहार की कमी

विटामिन और मिनरल्स की कमी से आंखों की सेहत कमजोर हो सकती है। विशेष रूप से विटामिन ए, सी, और ई का अभाव आंखों की समस्याओं का कारण बन सकता है। यदि आप स्वस्थ और पौष्टिक चीजों का सेवन नहीं करते हैं तो इसका असर आंखों पर भी होने लगता है।

इस तरह की दिक्कतों से बचे रहने के लिए गाजर, पालक, ब्रोकली, और मछली जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ खाएं। ओमेगा-3 फैटी एसिड वाले फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करें। पानी ज्यादा पिएं, जिससे आंखें हाइड्रेटेड रहें।

### पर्याप्त नींद न लेना

नींद की कमी संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। नींद पूरी न होने सेआंखें लाल, सूजी हुई, और थकी हुई दिखती हैं। यह आपकी आंखों की कार्यक्षमता और दृष्टि पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को रोजाना कम से कम 7-8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए। सोने से पहले स्क्रीन का इस्तेमाल बंद कर दें और सोने का एक निश्चित समय तय करें।

इस तरह की कुछ आदतों को सुधारकर आप अपनी आंखों को सुरक्षित और स्वस्थ रख सकते हैं।



# न्यू ईयर पार्टी के लिए मेकअप आइडिया



नया साल अपने साथ ढेरों खुशियां और उम्मीदें लेकर आता है। ऐसे में हर कोई नए साल का स्वागत काफी उत्साह के साथ करता है। ऐसे में ज्यादातर लोग नए साल के उपलक्ष्य में पार्टी करते हैं। इन पार्टियों में लड़के तो कूल लुक कैरी कर लेते हैं, लेकिन महिलाओं के सामने ये बड़ी दिक्कत होती है कि वो कैसे कपड़े पहनकर पार्टी में जाएं और कैसा मेकअप करें। आउटफिट का चयन करने के बाद महिलाएं कैसा मेकअप करें, इस सवाल से जूझती रहती हैं।

यदि आप भी इसी सोच में हैं कि न्यू ईयर की पार्टी में कैसा मेकअप करें, तो ये लेख आपके लिए है। यहां हम आपको क्लसी मेकअप के कुछ टिप्स देने जा रहे हैं, ताकि आपका लुक सबसे प्यारा और सबसे खूबसूरत दिखे। यदि आप न्यू ईयर की पार्टी में अपना खूबसूरत अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो इसी तरह से मेकअप करें।

### बेस मेकअप

मेकअप करना चाह रहे हैं तो सबसे पहले चेहरे को क्लीन करें और मॉइस्चराइजर लगाएं। इसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल करें ताकि मेकअप लंबे समय तक टिके। प्राइमर के इस्तेमाल के बाद अपनी स्किन टोन से मेल खाता हुआ फाउंडेशन लगाएं और इसे अच्छी तरह से ब्लेंड करें। कंसीलर से डार्क सर्कल्स और दाग-धब्बों को कवर करें।, ताकि आपका मेकअप अच्छा दिखे।

### ऐसे करें आंखों का मेकअप

न्यू ईयर पार्टी के लिए अगर अलग सा लुक कैरी करना चाहती हैं तो ब्लैक या सिल्वर स्मोकी आई लुक बेहद स्टाइलिश लगता है। इसके अलावा चाहें तो गोल्ड, सिल्वर या शिमरी आईशैडो लगाएं जो आपके आउटफिट से मेल खाता हो। आईलाइनर से कैट आई या विंग्ड आई लुक बनाएं। आखिर में मस्कारा लगाकर अपनी लैशेस को वॉल्यूम दें।

### हाइलाइटर और कंटूरिंग

आईमेकअप कंप्लीट करने के बाद चेहरे के हाइलाइट पॉइंट्स (गाल की हड्डी, नाक की टिप और भौहों के नीचे) पर हाइलाइटर लगाएं। इसके साथ ही हल्का कंटूरिंग करके चेहरे को डिफाइन करें। ताकि आपका चेहरा शार्प लगे।

### लिपस्टिक

अपने पार्टी लुक को बोल्ड और ग्लैमरस लुक के लिए रेड, बरगंडी या प्लम कलर की लिपस्टिक चुनें। लिपस्टिक का रंग आईमेकअप के हिसाब से ही चुनें। यानी कि अगर आंखों का मेकअप डार्क है तो न्यूड शेड्स चुनें।

### ब्लश है जरूरी

चेहरे की लालिमा बरकरार रखने के लिए पीच या पिंक शेड्स का ब्लश लगाकर गालों को खूबसूरत लुक दें। बस ध्यान रखें कि ब्लश ज्यादा न हो, इससे आपका लुक बिगड़ सकता है।

### आखिर में सेटिंग स्प्रे इस्तेमाल करें

नए साल की पार्टी के लिए तैयार होते समय आखिर में मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें ताकि आपका लुक देर तक टिका रहे। यदि आप इसका इस्तेमाल नहीं करेंगी तो हो सकता है कि कुछ ही देर में आपका मेकअप खराब होने लगे।

## रेसिपी कार्नर — गाजर का हलवा





नया साल आने वाला है। इसलिए हर कोई इसके लिए काफी उत्साहित होता है। नए साल के स्वागत के लिए बहुत से लोग 1 जनवरी को पार्टी करते हैं, तो वहीं बहुत से लोग 31 दिसंबर को पार्टी का आयोजन करते हैं। परिवार के साथ रहने वाले ज्यादातर लोग अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करना पसंद करते हैं। ऐसे में यदि आपका भी कुछ ऐसा ही प्लान है तो अपने परिवार के लिए कुछ खास कर सकते हैं।

31 दिसंबर की शाम को खास बनाने के लिए अपने परिवार के लिए गाजर का हलवा तैयार करें। यहां हम आपको गाजर का हलवा बनाने की ऐसी विधि बताने जा रहे हैं, जिसको फॉलो करके आप एकदम हलवाई के जैसा हलवा बना सकते हैं।



### हलवा बनाने का सामान

- गाजर: 1 किलो
- मावा (खोया): 200 ग्राम
- दूध: 1 लीटर
- घी: 4-5 बड़े चम्मच
- चीनी: 200-250 ग्राम
- इलायची पाउडर: 1 चम्मच
- सूखे मेवे: काजू, बादाम, किशमिश

### हलवा बनाने की विधि

हलवा बनाने के लिए सबसे पहले गाजर को अच्छी तरह धोकर छील लें और उसे कद्दूकस कर लें। इसके बाद एक भारी तले वाली कड़ाही में कद्दूकस की हुई गाजर डालें। इसमें दूध मिलाएं और मध्यम आंच पर पकाएं। समय-समय पर हिलाते रहें ताकि गाजर तले में चिपके नहीं। जब दूध गाढ़ा होकर गाजर में समा जाए, तब तक पकाएं।

इसके बाद इसमें घी डालें और अच्छी तरह मिलाते हुए गाजर को धीमी आंच पर भूनें। इसके बाद मावा (खोया) डालें और इसे अच्छी तरह गाजर के साथ मिक्स करें।

आखिर में इस हलवे में चीनी डालें और इसे अच्छे से मिलाएं। चीनी डालने के बाद मिश्रण थोड़ा पतला हो जाएगा, लेकिन पकने पर यह फिर से गाढ़ा हो जाएगा।

इसके बाद इसमें इलायची पाउडर और सूखे मेवे (काजू, बादाम, किशमिश) डालकर हलवे को अच्छी तरह मिलाएं। गाजर का हलवा तब तक भूनें जब तक वह घी छोड़ने न लगे। हलवे को गर्मागर्म परोसें और ऊपर से सूखे मेवे से सजाएं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मणिपुर : गोलीबारी की घटनाओं में शामिल हथियारबंद लोगों के लिए गहन तलाश अभियान शुरू

**इंफाल/चुराचांदपुर :** मणिपुर में थम्नापोकपी और सनसाबी में गोलीबारी की घटनाओं में शामिल हथियारबंद लोगों की तलाश को लेकर शनिवार शाम को इंफाल पूर्वी जिले में अभियान शुरू किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सेना, पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की संयुक्त टीमें याइंगगंपोकपी और आसपास के पहाड़ी इलाकों में तलाशी अभियान चला रही हैं। पुलिस ने एक बयान में कहा, ''यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि क्षेत्र से हथियारबंद तत्वों को खदेड़ नहीं दिया जाता।'' हालांकि, सुरक्षा बलों की एक टीम को सैबोल गांव के पास आदिवासी महिलाओं ने रोक लिया और उन्हें वापस जाने को कहा। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें वहां से लौटना पड़ा। इस बीच, कुकी बहुल चुराचांदपुर जिले के मुअल्हम गांव के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

### असम में करीब छह करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, पांच लोग गिरफ्तार : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी :** असम में पुलिस ने दो अलग-अलग अभियानों में करीब छह करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए और पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि गुवाहाटी शहर में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के कर्मियों ने शुक्रवार रात पलटन बाजार में एक होटल में छापेमारी कर 416 ग्राम हेरोइन जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 2.75 करोड़ रुपये है। शर्मा ने कहा कि होटल से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि शुक्रवार रात को नगांव जिले में एक अन्य अभियान के दौरान 3.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के मादक पदार्थ जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नगांव पुलिस ने एक वाहन को रोका और गहन तलाशी के बाद 532.46 ग्राम हेरोइन बरामद की।

# डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती कराये जाने का विरोध कर रहे लोग उनके शुभचिंतक नहीं: उच्चतम न्यायालय

## डल्लेवाल को अस्पताल ले जाने के लिए पंजाब सरकार के पास 31 दिसंबर तक का समय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने एक महीने से अधिक समय से अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को अस्पताल नहीं ले जाने के लिए शनिवार को पंजाब सरकार को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही न्यायालय ने किसान नेता को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में बाधा डालने के लिए आंदोलनकारी किसानों की मंशा पर भी संदेह जताया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की अवकाशकालीन पीठ ने अभूतपूर्व सुनवाई करते हुए पंजाब सरकार को



डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती करने के वास्ते राजी करने के लिए 31 दिसंबर तक का समय दिया और स्थिति के अनुसार केंद्र से सहायता मांगने की स्वतंत्रता दी। पंजाब सरकार ने डल्लेवाल को अस्पताल ले जाने में असमर्थता व्यक्त करते हुए कहा कि उसे प्रदर्शनकारी किसानों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है जिन्होंने डल्लेवाल को घेर लिया है और वे उन्हें अस्पताल नहीं ले जाने दे रहे। पीठ ने पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह से कहा, ''यह सब किसने होने दिया? यह जनशक्ति समय-समय पर और व्यवस्थित रूप से विरोध स्थल पर कैसे पहुंची? हम ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहते क्योंकि इससे स्थिति और बिगड़ेगी। जब तक किसानों द्वारा उठाई गई मांगों के उद्देश्य से यह जमावड़ा हो रहा है, तब तक यह समझ में आता है।'' न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''अपनी मांगों को उठाने और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी शिकायतें व्यक्त करने के उद्देश्य से शांतिपूर्ण आंदोलन करना समझ में आता है। लेकिन तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत वाले किसी व्यक्ति को अस्पताल ले जाने से रोकने के लिए किसानों का इकट्ठा होना पूरी तरह से समझ से परे है।''

# दिल्ली में नमकीन फैक्ट्री में हुआ विस्फोट, छह झुलसे



**नयी दिल्ली :** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में शनिवार को नमकीन की एक फैक्ट्री में आग लगने से हुए विस्फोट में छह कर्मचारी झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह आठ बजकर 16 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल की 17 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि आग मनु नमकीन फैक्ट्री द्वारा संचालित दो मंजिला विनिर्माण इकाई के भूतल पर लगी थी। उन्होंने बताया कि आग लगने से हुए विस्फोट में फैक्ट्री के अंदर मौजूद छह कर्मचारी झुलस गए, जिन्हें दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया। अपराह्न 11:30 बजे आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, घायलों की पहचान शिवम (23), अमित (35), अमित सिंह (26), चंदन (22), जयपाल (40) और वासुदेव (50) के रूप में हुई है। बाद में उन्हें सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि उस समय भूतल पर कर्मचारी ओवन में बिस्कुट पका रहे थे। गैस सिलेंडर का इस्तेमाल किया जा रहा था।

# बेहद विनम्र थे मनमोहन सिंह, चिकित्सकीय सलाह का गंभीरता से करते थे पालन: चिकित्सक

**नयी दिल्ली :** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का उपचार करने वाले चिकित्सकों का कहना है कि वह बेहद विनम्र थे और सभी चिकित्सकीय सलाह का गंभीरता से पालन करते थे। प्रधानमंत्री के चिकित्सा पैनल के अध्यक्ष रहे डॉ. श्रीनाथ रेड्डी ने याद करते हुए कहा ''प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद डॉ. मनमोहन सिंह ने सफदरजंग लेन स्थित आवास पर घरेलू सहायकों को कहने के बजाय चाय रखने के लिए खुद ही छोटी सी मेज की व्यवस्था की, ताकि हम आराम से चाय पी सकें।'' डॉ. रेड्डी ने मनमोहन सिंह को याद करते हुए कहा कि यह डॉ. सिंह के 7 रेसकोर्स रोड (अब लोककल्याण मार्ग) स्थित प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास में स्थानांतरित होने से कुछ ही दिन पहले की बात है, जिसे उस समय तैयार किया जा रहा था। वर्ष 2004 से 2014 के बीच दो बार प्रधानमंत्री रहे सिंह का बृहस्पतिवार को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। वह 92 साल के थे। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। दिल्ली स्थित एम्स में हृदय रोग विभाग के पूर्व प्रमुख डॉ. रेड्डी मनमोहन सिंह को 2004 से जानते थे। डॉ. रेड्डी उन्हें ऐसे व्यक्ति के रूप में याद करते हैं, जो हमेशा चिकित्सकीय सलाह का पालन करते थे।

### सेना ने पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील के तट पर शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण किया



**नयी दिल्ली :** भारतीय सेना ने 14,300 फुट की ऊंचाई पर पैंगोंग झील के तट पर मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी की एक प्रतिमा स्थापित की है। यह क्षेत्र पूर्वी लद्दाख सेक्टर में चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट है। सेना की लेह स्थित 14वीं कोर ने कहा कि प्रतिमा का अनावरण भारतीय शासक की ''अटूट भावना'' का जश्न मनाने के लिए किया गया है, क्योंकि उनकी विरासत प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। इस प्रतिमा का अनावरण बृहस्पतिवार को 14वीं कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला ने किया, जिसे 'फायर एंड फ्यूरी कोर' के नाम से भी जाना जाता है। कोर ने 'एक्स' पर बताया कि वीरता, दूरदर्शिता और अटल न्याय की इस विशाल प्रतिमा का अनावरण लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला ने किया।

# सरकारी अधिकारियों पर हमला करने वाले नेताओं को बख्शा नहीं जाएगा : पवन कल्याण



**कडपा (आंद्र प्रदेश) :** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने शनिवार को चेतावनी दी कि जो भी नेता किसी सरकारी अधिकारी पर हमला या उसके काम में बाधा डालेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह चेतावनी एक दलित सरकारी अधिकारी से मिलने के बाद दी, जिस पर स्थानीय वाईएसआरसीपी नेता सी. सुदर्शन रेड्डी ने कथित तौर पर हमला किया था। कल्याण ने कडपा रिम्स अस्पताल के बाहर संवाददाताओं से कहा, यदि आप (राजनीतिक नेता) अहंकार में अधिकारियों पर हमला करते हैं, तो हम सुनिश्चित करेंगे कि आपको उचित सजा मिले। कल्याण के अनुसार, सुदर्शन रेड्डी ने कई अन्य लोगों के साथ मिलकर अन्नामय्या जिले में गालीवेडु मंडल परिषद विकास अधिकारी (एमपीडीओ) जवाहर बाबू पर कथित तौर पर हमला किया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया, क्योंकि उन्होंने सरकारी कमरे की चाबी देने से इनकार कर दिया था। कल्याण ने बताया कि बाबू को एक कमरे में बंद कर उसकी पिटाई करने के अलावा उन्हें जातिसूचक गालियां और 'जान से मारने की धमकी' दी गई। उन्होंने दावा किया कि सुदर्शन रेड्डी का अधिकारियों पर हमला करने का इतिहास रहा है तथा उन्होंने उल्लेख किया कि अतीत में उन्होंने शेखर नाइक, प्रताप और श्रीनिवास रेड्डी जैसे अधिकारियों को निशाना बनाया था।

### गडकरी राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा के लिए अंडमान पहुंचे

**पोर्ट ब्लेयर :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा के लिए अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के दौरे पर हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री शुक्रवार को पोर्ट ब्लेयर पहुंचे और उपराज्यपाल एडमिरल (सेवानिवृत्त) डी के जोशी के साथ बैठक की । बाद में उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की। शनिवार को, उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की और द्वीपसमूह के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। एक वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ने पोर्ट ब्लेयर में कहा, हमने भूमि परिवर्तन, चिकित्सा सुविधाओं, उच्च शिक्षा और सड़कों से संबंधित कार्यों सहित विभिन्न लंबित परियोजनाओं को पूरा करने के लिए उनसे हस्तक्षेप का अनुरोध किया।

# रोपवे परियोजना के खिलाफ कटरा में बंद चौथे दिन भी जारी, जेसीसीआई ने समर्थन जताया



**रियासी/जम्मू :** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों में प्रस्तावित रोपवे परियोजना के खिलाफ बंद शनिवार को चौथे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारी कटरा में पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए कई लोगों की रिहाई की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर रहे । 'जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (जेसी-सीआई)' ने श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति को अपना समर्थन दिया है और प्रशासन से बातचीत के जरिए मुद्दे को सुलझाने का आग्रह किया है। श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति द्वारा इस सप्ताह के प्रारंभ में क्षेत्र में सभी व्यावसायिक गतिविधियों को बंद करने की घोषणा की गई थी। शुक्रवार रात को समिति ने बंद को 72 घंटे के लिए बढ़ा दिया। बुधवार से सभी दुकानें, रेस्तरां और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद हैं। बंद के कारण कटरा में सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया है। देश के सबसे व्यस्त शहरों में से एक कटरा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग वैष्णो देवी तीर्थ पर दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। समिति के प्रवक्ता ने कहा, हमने कल रात हड़ताल को बढ़ा दिया है। यह अगले 72 घंटों तक जारी रहेगी, जब तक कि सरकार रोपवे परियोजना को रद्द नहीं कर देती। रोपवे परियोजना के खिलाफ विरोध मार्च के दौरान हिरासत में लिए गए समिति के 18 सदस्यों की रिहाई की मांग को लेकर पांच लोग भूख हड़ताल पर बैठे हैं। जम्मू में उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने रोपवे निर्माण के निर्णय को गलत निर्णय करार दिया और उपराज्यपाल से इस मुद्दे को सुलझाने के लिए प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने का आग्रह किया।

# सीबीआई ने शिमला में ईडी अधिकारी के परिसरों में छापेमारी की

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शिमला में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के उस सहायक निदेशक के परिसर में छापेमारी की है, जो रविवार को एक अभियान के दौरान एजेंसी को चकमा देकर फरार हो गये थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिमला में तैनात ईडी के सहायक निदेशक और उनके भाई विकास दीप, जो दिल्ली में पंजाब नेशनल बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक हैं, एक व्यवसायी से कथित तौर पर रिश्वत की रकम लेने चंडीगढ़ गए थे। व्यवसायी पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज है। अधिकारियों ने बताया कि व्यवसायी ने कथित जबरन वसूली के बारे में सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर एजेंसी की चंडीगढ़ इकाई ने एक योजना बनाई, जिसमें शिकायतकर्ता को अधिकारी को 55 लाख रुपये नकद रिश्वत देने के लिए कहा गया और सीबीआई के अधिकारी इस पर नजर रखे हुए थे। उन्होंने बताया कि यह योजना बनाई गई थी कि कथित तौर पर रिश्वत प्राप्त करने के बाद सीबीआई आरोपी को पकड़ लेगी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) से प्रतिनियुक्ति पर आए ईडी अधिकारी को कार्रवाई के दौरान सूचना मिल गई और वह नकदी लेकर मौके से फरार हो गया।

## दो करोड़ रुपये की 'मलाना क्रीम' संग दो विदेशी नागरिक समेत तीन लोग गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने शनिवार को हशीश (चरस) की तस्करी में लिप्त एक गिरोह का भंडाफोड़ कर दो पुर्तगाली नागरिकों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से करीब दो करोड़ रुपये मूल्य की 3.6 किलोग्राम 'मलाना क्रीम' (चरस की एक किस्म) जब्त की। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि वे नये साल पर आयोजित होने वाली पार्टियों से पहले इसे बेचना चाहते थे। पुलिस ने 3,684 ग्राम 'मलाना क्रीम' जब्त की जिसकी अनुमानित कीमत लगभग दो करोड़ रुपये है। पुलिस के मुताबिक, उन्हें सूचना मिली थी कि हिमाचल प्रदेश से गोपाल नाम का व्यक्ति 'मलाना क्रीम' लेकर दिल्ली जा रहा है जिसकी आपूर्ति गोवा में की जानी थी। पुलिस उपायुक्त (अपराध) विक्रम सिंह ने कहा कि एक पुलिस टीम ने दिल्ली में एक वाहन को रोका और उससे प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया। अधिकारी ने बताया कि टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गोवा में रहने वाले जो उर्फ जेल्म्स सेवियो फर्नांडिस को गिरफ्तार कर लिया जिसे यह खेप प्राप्त होनी थी।

## कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने 'आप' पर जासूसी का आरोप लगाया, उपराज्यपाल ने जांच का आदेश दिया

**नयी दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने जासूसी और अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब से बड़ी मात्रा में नकदी दिल्ली लाए जाने के कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित के आरोप पर जांच के आदेश दे दिए हैं। दीक्षित ने 25 दिसंबर को लिखे पत्र में दिल्ली में अपने आवास के बाहर 'पंजाब सरकार' के खुफिया कर्मियों की कथित मौजूदगी का जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन कर्मियों से जुड़े 'आधिकारिक वाहन' अकसर उनके घर के बाहर देखे जाते हैं, जो कहीं न कहीं निगरानी का संकेत है। हालांकि, आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई। दिल्ली और पंजाब दोनों जगह 'आप' की सरकार है। सक्सेना ने आरोपों पर तीन दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी है। दीक्षित ने इसके अलावा पंजाब सरकार पर चुनाव से पहले मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए दिल्ली में ''बड़ी मात्रा में नकदी'' (करोड़ों में) भेजने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हरियाणा और राजस्थान होकर कुछ 'निजी वाहन' दिल्ली आ रहे हैं जो अकसर पंजाब पुलिस की सुरक्षा में होते हैं। उपराज्यपाल कार्यालय ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को शहर की सीमाओं पर वाहनों की जांच करने के लिए ''तत्काल कदम'' उठाने का आदेश दिया, खासकर ऐसे वाहन जो पंजाब से आते हैं।

## छत्तीसगढ़ : ईडी ने धनशोधन मामले में कांग्रेस विधायक कवासी लखमा, उनके बेटे के यहां छापेमारी की

**रायपुर :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत शनिवार को राज्य के कांग्रेस विधायक और पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, उनके बेटे और कुछ अन्य के परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कुल सात परिसरों की तलाशी ली जा रही है। इनमें रायपुर स्थित लखमा का आवास और सुकमा जिले में उनके बेटे हरीश लखमा के परिसर के अलावा कुछ संबंधित व्यक्तियों के परिसर भी शामिल हैं। कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने आरोप लगाया कि ये छापे शहरी निकाय और पंचायत चुनावों से पहले विपक्षी पार्टी के नेताओं को परेशान करने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साजिश का हिस्सा हैं। कवासी लखमा (71) कोंटा विधानसभा सीट से छह बार के विधायक हैं और पिछली कांग्रेस सरकार में आबकारी मंत्री रह चुके हैं। हरीश लखमा सुकमा जिले में पंचायत अध्यक्ष हैं। ईडी सूत्रों ने कहा कि वे कुछ ''प्रमुख आरोपियों'' द्वारा लगाए गए इन आरोपों की जांच कर रहे हैं कि लखमा को 2020-2022 के बीच प्रति माह लगभग दो करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था, जब उनके पास आबकारी विभाग था।




# दूरसंचार कंपनियों की शुल्क वृद्धि का उल्टा असर, 2025 में सैटकॉम सेवाओं के साथ मूल्य युद्ध की संभावना

**नयी दिल्ली :** देश की निजी दूरसंचार कंपनियों को नए साल में निवेश वसूली में दोहरी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तो शुल्क वृद्धि के बाद ग्राहक उनके नेटवर्क को छोड़ रहे हैं और उपग्रह कंपनियां (सैटकॉम), मुख्य रूप से एलन मस्क की स्टारलिंक उनके मुख्य डेटा कारोबार पर नजर गड़ाए हुए हैं। निजी कंपनियों ने अगली पीढ़ी की 5जी सेवाओं के कवरेज का विस्तार करने के लिए इस साल दूरसंचार बुनियादी ढांचे और रेडियोवेव परिसंपत्तियों में लगभग 70,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जो इस क्षेत्र के लिए 2024 की मुख्य विशेषताओं में से एक है। निवेश की वसूली और मार्जिन की रक्षा के लिए, निजी दूरसंचार कंपनियों ने साल के बीच शुल्क बढ़ोतरी का सहारा लिया, लेकिन यह कदम उल्टा पड़ गया। करीब दो करोड़ ग्राहकों ने अपने कनेक्शन खो दिए। रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने संयुक्त रूप से 10-26 फीसदी की कीमत वृद्धि के कारण 2.6 करोड़ ग्राहक खो दिए। सरकारी कंपनी बीएसएनएल ने कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की। घाटे में चल रही यह सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी अभी भी पुरानी 3जी सेवा दे रही है और देश भर में 4जी नेटवर्क शुरू करने की राह पर है। ग्राहकों की संख्या में कमी के बावजूद, निजी कंपनियों को निवेश की भरपाई करने तथा भविष्य में वृद्धि को गति देने के लिए नए युग की सेवाएं प्रदान करने हेतु 5जी में अधिक निवेश करने की आवश्यकता है। ईवाई इंडिया मार्केट्स और दूरसंचार क्षेत्र के दिग्गज प्रशांत सिंघल के अनुसार, रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया का संचयी निवेश 2024 में लगभग 70,200 करोड़ रुपये था। डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन (डीआईपीए) के महानिदेशक मनोज कुमार सिंह का कहना है कि दूरसंचार बुनियादी ढांचा क्षेत्र 5जी पारिस्थितिकी तंत्र को समर्थन देने के लिए 2022-2027 में 92,100 करोड़ रुपये से 1.41 लाख करोड़ रुपये के संचयी निवेश की उम्मीद कर रहा है।

### नोएडा एक्सप्रेसवे पर मकान की कीमत पांच साल में 66 फीसदी बढ़ी: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** एनारॉक के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में नोएडा एक्सप्रेसवे के आसपास मकान की कीमत में पिछले पांच वर्षों में 66 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई। दूसरी ओर बेंगलुरु के गुंजूर में कीमत 69 फीसदी बढ़ी। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक के आंकड़ों के मुताबिक नोएडा एक्सप्रेसवे के आसपास आवास की औसत कीमत सितंबर 2024 की तिमाही में 8,400 रुपये प्रति वर्ग फुट रही, जो 2019 में 5,075 रुपये प्रति वर्ग फुट थी। एनसीआर के बाहरी क्षेत्र सोहना में कीमत 43 फीसदी बढ़कर 4,120 रुपये प्रति वर्ग फुट से 5,900 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई। द्वारका एक्सप्रेसवे पर आवास की औसत कीमत में 93 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई।

## ई केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री डब्ल्यूईएफ बैठक में शामिल होंगे

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, सी आर पाटिल, चिराग पासवान, के राम मोहन नायडू और जयंत चौधरी अगले महीने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) वार्षिक बैठक 2025 में शामिल होने के लिए स्विट्जरलैंड के दावोस जाएंगे। डब्ल्यूईएफ बैठक में तीन मुख्यमंत्री- देवेंद्र फड़नवीस, चंद्रबाबू नायडू और रेवंत रेड्डी भी शामिल होंगे। बैठक में दुनिया भर के सैकड़ों वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और व्यापारिक नेता शामिल होंगे। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू के साथ उनके बेटे और उनके राज्य के वरिष्ठ मंत्री नारा लोकेश भी शामिल होंगे। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार, तमिलनाडु के मंत्री टीआरबी राजा और उत्तर प्रदेश के मंत्री सुरेश खन्ना भी 20 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाले दुनिया के अमीर और शक्तिशाली लोगों के पांच दिवसीय वार्षिक समागम में मौजूद रहेंगे। दुनिया भर के 50 से अधिक राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों के अलावा, संयुक्त राष्ट्र, आईएमएफ, विश्व बैंक, इंटरपोल, नाटो, यूरोपीय सेंट्रल बैंक और डब्ल्यूटीओ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के शीर्ष अधिकारियों के भी डब्ल्यूईएफ वार्षिक बैठक 2025 में शामिल होंगे। बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार और अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस सहित पाकिस्तान और बांग्लादेश के वरिष्ठ मंत्री भी मौजूद रहेंगे। रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री वैष्णव पिछली बैठक में स्मृति ईरानी और हरदीप सिंह पुरी के साथ शामिल हुए थे।

## भारतीय डाक को मुनाफे में लाने पर सिंधिया ने सीतारमण से चर्चा की



**नयी दिल्ली :** संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर भारतीय डाक को मुनाफे में लाने पर चर्चा की। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई। सिंधिया ने डाक विभाग के अधिकारियों के साथ वित्त मंत्री के समक्ष पूंजीगत व्यय की अपनी मांगें रखीं, ताकि 2029 तक इसे मुनाफे में लाया जा सके। सिंधिया का लक्ष्य भारतीय डाक को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाना है और वह ग्राहक आधार तथा परिचालन दक्षता बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। वित्त मंत्री के साथ बैठक के दौरान, सिंधिया ने भारतीय डाक के लिए एक नई विकास योजना पेश की। उन्होंने कहा कि विभाग लागतों को युक्तिसंगत बनाने और ज्यादातर प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने का लक्ष्य लेकर काम कर रहा है।

## वोडाफोन समूह ने वीआईएल के शेयरों के बदले लिया 11,650 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाया

**नयी दिल्ली :** ब्रिटेन स्थित वोडाफोन समूह ने वोडाफोन आइडिया के शेयरों के बदले जुटाए गए लगभग 11,650 करोड़ रुपये या 10.9 करोड़ पाउंड का बकाया चुका दिया है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वोडाफोन समूह ने कर्ज जुटाने के लिए वीआईएल में लगभग पूरी हिस्सेदारी गिरवी रख दी थी। मॉरीशस और भारत स्थित वोडाफोन समूह की संस्थाओं द्वारा जुटाए गए कर्ज के लिए एचएसबीसी कॉरपोरेट ट्रस्टी कंपनी (यूके) के पक्ष में शेयर गिरवी रखे गए थे। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक, ''वोडाफोन के प्रवर्तकों के ऋणदाताओं को बकाया चुकाने के बाद ऋणदाताओं के लिए सुरक्षा ट्रस्टी के रूप में काम करने वाली एचएसबीसी कॉरपोरेट ट्रस्टी कंपनी (यूके) लिमिटेड ने 27 दिसंबर 2024 को गिरवी शेयरों को जारी कर दिया गया है।'' वोडाफोन समूह के पास वीआईएल की 22.56 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि आदित्य बिड़ला समूह के पास 14.76 प्रतिशत और सरकार के पास 23.15 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## क्रेडिला फाइनेंशियल सर्विसेज ने सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए

**नयी दिल्ली :** शिक्षा ऋण-केंद्रित वित्तीय कंपनी क्रेडिला फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (पूर्व में एचडीएफसी क्रेडिला फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड) ने गोपनीय प्री-फाइलिंग मार्ग से आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक सेबी के पास आरंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। गोपनीय प्री-फाइलिंग मार्ग कंपनी को आरंभिक दस्तावेज (डीआरएचपी) के तहत विवरणों के सार्वजनिक प्रकटीकरण को रोकने की अनुमति देता है। शुक्रवार को एक सार्वजनिक घोषणा में क्रेडिला ने कहा कि उसने 'मुख्य बोर्ड में अपने इक्विटी शेयरों की प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के संबंध में सेबी और स्टॉक एक्सचेंजों के साथ प्री-ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर दिया है।' यह घटनाक्रम पिछले वित्त वर्ष (2023-24) के दौरान कंपनी के स्वामित्व में एक महत्वपूर्ण बदलाव के बाद हुआ है। ईक्यूटी और क्रिसकैपिटल के एक निजी इक्विटी कंसोर्टियम ने क्रेडिला में 90.01 प्रतिशत हिस्सेदारी 9,060 करोड़ रुपये में खरीदी, जिसमें 2,003.61 करोड़ रुपये की नई इक्विटी शामिल है। इसमें से 700 करोड़ रुपये जून, 2023 में तत्कालीन एचडीएफसी लिमिटेड द्वारा डाले गए, जबकि शेष 1,303.61 करोड़ रुपये मार्च, 2024 में ईक्यूटी और क्रिसकैपिटल संस्थाओं द्वारा डाले गए।

## रिलायंस ने 375 करोड़ रुपये में कर्किनोस हेल्थकेयर का अधिग्रहण किया

नयी दिल्ली : अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज ने प्रौद्योगिकी आधारित स्वास्थ्य देखभाल मंच कर्किनोस का 375 करोड़ रुपये में अधिग्रहण किया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शनिवार को बताया कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रिलायंस स्ट्रैटेजिक बिजनेस वेंचर्स (आरएसबीवीएल) ने जरूरी शेयरों के आवंटन के साथ कर्किनोस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। कार्किनोस का गठन 24 जुलाई, 2020 को भारत में किया गया था, और कंपनी कैंसर का शीघ्र पता लगाने और इलाज के लिए प्रौद्योगिकी आधारित समाधान मुहैया कराती है। इसके पिछले प्रमुख निवेशकों में इवर्ट इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (टाटा संस की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी), रिलायंस डिजिटल हेल्थ लिमिटेड (रिलायंस इंडस्ट्रीज की एक सहायक कंपनी), मेयो क्लिनिक (यूएस), सुंदर रमन (रिलायंस फाउंडेशन यूथ स्पोर्ट्स के निदेशक) और रवि कांत (टाटा मोटर्स के पूर्व एमडी) शामिल थे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### लक्ष्य सेन किंग कप इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में हारे

**शेनजेन (चीन) :** भारत के लक्ष्य सेन शनिवार को यहां शुरूआती किंग कप इंटरनेशनल बैडमिंटन ओपन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व जूनियर चैम्पियन चीन के हु जेहान से सीधे गेम में हारकर बाहर हो गये। अल्मोड़ा के 23 साल के खिलाड़ी को रोमाचंक मुकाबले में हु से 19-21 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी। तीन दिवसीय टूर्नामेंट में लक्ष्य ने इससे पहले क्वार्टरफाइनल में हांगकांग के एंगस एनजी का लोंग को हराया था। लक्ष्य ने इस महीने सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 खिताब जीता था।

### न्यूजीलैंड ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में श्रीलंका को आठ रन से हराया

**माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड):** डेरिल मिचेल और माइकल ब्रेसवेल के अर्धशतकों के अलावा दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 105 रन की भागीदारी से न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के पहले मुकाबले में श्रीलंका पर आठ रन से जीत दर्ज की। अंतिम ओवरों में की गई शानदार गेंदबाजी ने भी मैच का नतीजा न्यूजीलैंड के पक्ष में मोड़ने में मदद की। न्यूजीलैंड के आठ विकेट पर 172 रन के स्कोर का पीछा करते हुए श्रीलंका का स्कोर बिना विकेट गंवाये 121 रन से आठ विकेट पर 164 रन हो गया। मिचेल ने 62 और ब्रेसवेल ने 59 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। दोनों ने केवल 60 गेंद में शतकीय साझेदारी बनाई। दोनों पांच विकेट पर 65 रन के स्कोर पर खेलने उतरे जब वानिंदु हसारंगा ने ग्लेन फिलिप्स और मिचेल हे को 10वें ओवर में लगातार गेंदों पर आउट किया। दोनों ने टीम को 20 ओवर में आठ विकेट पर 172 रन तक पहुंचाया। पाथुम निसांका के 60 गेंद में 90 रन बनाने और कुसल मेंडिस (46 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी के बाद न्यूजीलैंड का लक्ष्य नाकाफी लग रहा था और श्रीलंका आसान जीत की ओर बढ़ रहा था।

# नितीश रेड्डी के नाबाद शतक और सुंदर के अर्धशतक ने मैच में कराई भारत की वापसी

**मेलबर्न :** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट खेला जा रहा है। दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का यह चौथा टेस्ट है। फिलहाल सीरीज 1-1 से बराबर है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिहाज से अगले दोनों टेस्ट महत्वपूर्ण हैं। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। शुक्रवार को दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी पहली पारी में नौ विकेट गंवाकर 358 रन बना लिए हैं। तीसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। खेल खत्म होने तक भारत ने अपनी पहली पारी में नौ विकेट गंवाकर 358 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। इस लिहाज से भारत अभी भी 116 रन पीछे है। नीतीश रेड्डी ने बेहतरीन शतक जड़ा। वह फिलहाल 105 रन बनाकर नाबाद हैं। उन्होंने 176 गेंद की अपनी पारी में अब तक 10 चौके और एक छक्का लगाया है। मोहम्मद सिराज भी दो रन बनाकर नाबाद हैं।



नीतीश ने नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे वॉशिंगटन सुंदर के साथ आठवें विकेट के लिए 127 रन की साझेदारी निभाई। सुंदर और नीतीश दोनों ने 150-150 गेंद खेलीं। टेस्ट क्रिकेट में ऐसा पहली बार हुआ जब किसी टीम के आठवें और नौवें नंबर के बल्लेबाज ने 150+ गेंदें खेली हों। दोनों ने संयुक्त रूप से 285 गेंदें खेलीं यानी करीब 48 ओवर बल्लेबाजी की। सुंदर 162 गेंद में एक चौके की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले यशस्वी जायसवाल 82 रन, रोहित शर्मा तीन, केएल राहुल 24 रन, विराट कोहली 36 रन और ऋषभ पंत 28 रन और रवींद्र जडेजा 17 रन बनाकर आउट हुए थे। जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप खाता नहीं खोल सके। भारत ने शनिवार को पांच विकेट पर 164 रन से आगे खेलना शुरू किया और 194 रन जोड़े। इस दौरान भारत ने चार और विकेट गंवाए। शनिवार को पंत, जडेजा, बुमराह और सुंदर आउट हुए।

# मैग्नस कार्लसन ड्रेस कोड का उल्लंघन करने पर विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज से बाहर



**न्यूयॉर्क :** पांच बार के विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन पर फिडे के ड्रेस कोड का उल्लंघन करके जींस पहनकर आने के बाद पहले जुर्माना लगाया गया और बाद में उन्हें विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज से बाहर कर दिया गया। गत चैम्पियन कार्लसन पर जींस पहनने के कारण 200 डॉलर का जुर्माना लगाया गया। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार जींस पहनना मना है। उन्होंने तुरंत कपड़े बदलकर आने का अनुरोध मानने से इनकार कर दिया तो उन्हें अयोग्य करार दिया गया। उन्होंने अगले दिन ड्रेस कोड का पालन करने पर रजामंदी जताई लेकिन कहा कि वह तुरंत नहीं बदलेंगे। फिडे ने एक बयान में कहा कि ड्रेस कोड के नियम खिलाड़ियों को भली भांति बता दिये गए थे। फिडे ने एक्स पर साझा किये गए बयान में कहा, 'ड्रेस कोड के नियम फिडे खिलाड़ियों के आयोग के सदस्यों ने बनाये हैं जिसमें पेशेवर खिलाड़ी और विशेषज्ञ हैं। ये नियम बरसों से हैं और सभी प्रतिभागियों को इसके बारे में भली भांति पता है। हर टूर्नामेंट से पहले उन्हें इसकी जानकारी दी जाती है।' इसमें कहा गया, 'फिडे यह सुनिश्चित करता है कि खिलाड़ियों के रहने का स्थान आयोजन स्थल के बहुत पांस हो ताकि उन्हें नियमों का पालन करने में सुविधा हो।' इसमें कहा गया, 'आज मैग्नस कार्लसन ने जींस पहनकर ड्रेस कोड के नियम का उल्लंघन किया। इतने लंबे समय से चले आ रहे नियमों में यह साफ है कि जींस पहनना निषिद्ध है। मुख्य पंचाट ने कार्लसन को इसके बारे में बताया और 200 डॉलर का जुर्माना लगाया। उनसे कपड़े बदलने का अनुरोध किया गया जो उन्होंने नहीं माना। इस वजह से उन्हें अयोग्य करार देना पड़ा।' इससे पहले रूस के ग्रैंडमास्टर इयान नेपोम्नियाश्चि ने भी इस नियम का उल्लंघन किया था लेकिन वह कपड़े बदलकर लौट आये जिससे उन्हें बाहर नहीं किया गया। इस बीच कार्लसन ने कहा कि वह ब्लिट्ज वर्ग में भाग नहीं लेंगे क्योंकि फिडे की ड्रेस कोड नीति से वह तंग आ चुके हैं।

# शांति और विनम्रता के प्रतीक हैं गुकेश: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को शतरंज विश्व चैंपियन डी गुकेश से मुलाकात की और उन्हें एक आत्मविश्वासी युवा खिलाड़ी बताया जो शांति और विनम्रता का प्रतीक है। सिंगापुर में खेले गए विश्व चैंपियनशिप के मुकाबले में 18 साल के गुकेश ने अपने धैर्य और साहस का परिचय देते हुए चीन के डिंग लिरेन को हराकर सबसे कम उम्र के शतरंज विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने रूस के गैरी कास्परोव को पीछे छोड़ा जो 1985 में 22 साल की उम्र में विश्व चैंपियन बने थे। मोदी ने गुकेश और उनके माता-पिता के साथ मुलाकात के बाद एक्स पर पोस्ट किया, 'शतरंज चैंपियन और भारत के गौरव डी गुकेश के साथ बातचीत शानदार रही। मैं पिछले कुछ वर्षों से उनके साथ संपर्क में रहा हूं और जो चीज मुझे उनके बारे में सबसे ज्यादा प्रभावित करती है वह है उनका दृढ़ संकल्प और समर्पण। उनका आत्मविश्वास वास्तव में प्रेरणादायक है।' मोदी ने लिखा, 'दरअसल मुझे याद है कि मैंने कुछ साल पहले उनका एक वीडियो देखा था जिसमें उन्होंने कहा था कि वह सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनेंगे। एक भविष्यवाणी जो अब उनके प्रयासों के कारण स्पष्ट रूप से सच हो गई है।' गुकेश महान विश्वनाथन आनंद के बाद विश्व खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं। मोदी ने कहा, 'आत्मविश्वास के साथ-साथ, गुकेश शांति और विनम्रता का प्रतीक है। जीतने पर वह शांत था, अपनी उपलब्धि का आनंद ले रहा था और पूरी तरह से समझ रहा था कि कड़ी मेहनत से हासिल की गई जीत के साथ कैसे आगे बढ़ना है। आज हमारी बातचीत योग और ध्यान की परिवर्तनकारी क्षमता पर केंद्रित रही।' गुकेश ने इस साल की शुरुआत में बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई थी।



मोदी ने गुकेश के माता-पिता को भी अपने बेटे की विश्व खिताब की यात्रा में पूरे दिल से समर्थन करने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा, 'प्रत्येक खिलाड़ी की सफलता में उनके माता-पिता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मैंने गुकेश के माता-पिता को हर दुख-सुख में उसका समर्थन करने के लिए बधाई दी। उनका समर्पण उन अनगिनत युवाओं के माता-पिता को प्रेरित करेगा जो खेल को करियर के रूप में अपनाने का सपना देखते हैं।' इस युवा ग्रैंडमास्टर ने मोदी को शतरंज की वह बिसात उपहार में दी जिस पर उन्होंने बाजी जीती थी। प्रधानमंत्री ने लिखा, 'मुझे गुकेश से शतरंज की वह बिसात पाकर भी खुशी हुई जिस पर उन्होंने जीत दर्ज की थी।

# अर्शदीप और प्रभसिमरन चमके, पंजाब ने मुंबई को आठ विकेट से हराया




**अहमदाबाद :** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के पांच विकेट और सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की नाबाद 150 रन की पारी से पंजाब ने शनिवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप सी मैच में मुंबई को आठ विकेट से शिकस्त दी। प्रभसिमरन ने महज 101 गेंद में 150 रन बनाये जिसमें 14 चौके और 10 छक्के जड़े। उन्होंने अभिषेक शर्मा (66 रन, चार चौके, पांच छक्के) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 21.5 ओवर में 150 रन की भागीदारी निभाई जिससे पंजाब ने 249 रन का लक्ष्य महज 29 ओवर में हासिल कर लिया। इससे पहले मुंबई की टीम अर्शदीप (38 रन देकर पांच विकेट) के सामने जूझती नजर आयी जिससे टीम 48.5 ओवर में 248 रन पर सिमट गई। एक समय मुंबई की टीम 28 रन पर पांच विकेट गंवाकर जूझ रही थी जिसके बाद यह स्कोर सात विकेट पर 112 रन हो गया। लेकिन अंत में अथर्व अंकोलेकर (66 रन) और शार्दुल ठाकुर (43 रन) की मदद से मुंबई सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रहा। यह ग्रुप में मुंबई की दूसरी हार है, इससे पहले उसे पिछले हफ्ते टूर्नामेंट के बड़े स्कोर वाले शुरूआती मैच में कर्नाटक से पराजय झेलनी पड़ी थी। वहीं कर्नाटक ने कप्तान मयंक अग्रवाल के दूसरे मैच में दूसरे शतक की बदौलत अरूणाचल प्रदेश पर 10 विकेट की जीत से ग्रुप सी में अपना शीर्ष स्थान पक्का कर दिया। तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक और बायें हाथ के स्पिनर हार्दिक राज ने चार चार विकेट झटके जिससे कर्नाटक ने अरूणाचल प्रदेश को 166 रन पर समेट दिया। कर्नाटक ने फिर यह लक्ष्य महज 14.2 ओवर में हासिल कर लिया जिसमें अग्रवाल के नाबाद 100 रन (45 गेंद, सात चौके, सात छक्के) के अलावा अभिनव मनोहर ने 66 रन (41 गेंद, चार चौके, चार छक्के) का योगदान दिया। वहीं ग्रुप ई के मैच में भारतीय आल राउंडर हार्दिक पंड्या विफल रहे जिससे बड़ौदा को बंगाल से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा।




वर्ष 9, पूर्णांक 4103 अंक 253, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in